दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 23
कोटद्वार शुक्रवार
12 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# उत्तराखंड का पांचवा धाम बनेगा जनरल बिपिन रावत का पैतृक गांव : स्वामी चिदानंद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत जनरल बिपिन रावत के पैतृक गांव सैंण में पशुपति नाथ मंदिर के साथ ही जनरल बिपिन रावत की भव्य प्रतिमा निर्माण का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि परमार्थन निकेतन ऋषिकेश आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि जनरल बिपिन रावत का पैतृक गांव उत्तराखंड का पांचवा धाम बनेगा। इस दौरान मंदिर निर्माण स्थल पर 11 रूद्राक्ष के पौधों का रोपण भी किया गया। यह पौधे जनरल बिपिन रावत के पूर्वजनों की याद में लगाए गए हैं।

गुरुवार को सैंण गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि स्वामी चिदानंद सरस्वती व गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने पशुपति मंदिर व बिपिन रावत की प्रतिमा निर्माण का भूमि पूजन किया। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि देव भूमि के कण-कण में भगवान शंकर का वास है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमनोत्री के बाद अब जनरल बिपिन रावत का पैतृक गांव सैंण भी पांचवा धाम बनने जा रहा है। चार धाम यात्रा के बाद श्रद्धालु सैंण गांव में पशुपति नाथ के दर्शन कर अपनी यात्रा को सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए दिया गया जनरल बिपिन रावत का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने डा. हरिवंशराय बच्चन प्रबोधन प्रतिष्ठान की ओर से गांव में करवाए जा रहे विकास कार्यों की भी प्रशंसा की। गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि पशुपति नाथ मंदिर बनने से सैंण गांव अध्यात्म का केंद्र बनेगा। साथ ही जनरल बिपिन रावत की भव्य प्रतिमा से युवाओं को देश सेवा की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान गांव में जल जीवन मिशन योजना का लोकार्पण व कई अन्य योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर द्वारीखाल ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा, महाराष्ट्र के पूर्व विधायक बब्रवान खंदाड़े रेड्डी, स्वामी योगीराज जयंत सरस्वती, निवृत्ती तुकाराम यादव, भरत सिंह रावत, अमित त्यागी, सुरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



**द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत जनरल बिपिन रावत के पैतृक गांव सैंण में रूद्राक्ष के पौध लगाते स्वामी चिदानंद, सांसद तीरथ सिंह रावत व अन्य**

**- जनरल बिपिन रावत के पैतृक गांव में किया गया योजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन**
**- पशुपति नाथ मंदिर के साथ ही गांव में बनेगी जनरल बिपिन रावत की भव्य प्रतिमा**

## हरिद्वार की युवती को मिली पिरान कलियर में नमाज पढ़ने की अनुमति

**नैनीताल** : हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने हरिद्वार की फार्मा कंपनी में काम करने वाली युवती को पिरान कलियर में नमाज अदा करने की अनुमति दे दी है। साथ ही पुलिस को युवती को सुरक्षा मुहैया कराने के आदेश दिए हैं। इसके लिए कोर्ट ने युवती को नमाज पढ़ने जाने से पहले संबंधित थाने के एसएचओ को प्रार्थना देने के लिए कहा है।

मूलरूप से मध्य प्रदेश के नीमच की रहने वाली युवती हरिद्वार की एक फार्मा कंपनी में नौकरी करती है। युवती और हरिद्वार निवासी एक युवक ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें उन्होंने पिरान कलियर में नमाज पढ़ने और सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की। युवती का कहना है कि उन्हें पिरान कलियर में इबादत करनी है, लेकिन कुछ धार्मिक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। जिस कारण उन्हें खतरा है। इसलिए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। लड़की ने कहा कि वह बिना किसी डर, आर्थिक लाभ, भय या दबाव के पिरान कलियर में इबादत करना चाहती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने युवती से पूछा कि आपने धर्म नहीं बदला है फिर आप वहां नमाज क्यों पढ़ना चाहती हैं।

इस पर युवती ने कोर्ट को बताया कि वह पिरान कलियर से प्रभावित है। इसलिए वह नमाज पढ़ना चाहती है। युवती ने बताया कि उसने शादी नहीं की है न ही वह अपना धर्म बदलना चाहती है। अब मामले की अगली सुनवाई 22 मई को होगी। (एजेंसी)

## प्लास्टिक कचरे से मुक्त होंगे सभी गांव : सीएम

**देहरादून।** प्रदेश की 7791 ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त किया जाएगा। धामी सरकार ने कार्ययोजना तैयार कर ली है, जिसे धरातल पर उतारने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इसके तहत त्रिस्तरीय पंचायतों की मदद से हर घर से प्लास्टिक कूड़ा उठाने से लेकर उसके निपटारे तक की कार्रवाई की जाएगी।

इस काम के लिए केंद्र सरकार की ओर से 15वें वित्त आयोग की टाइड निधि में धन की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में उत्तराखंड प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट एक्ट 2013 लागू है। गांव–गांव में प्लास्टिक पहुंच चुका है, लेकिन एक्ट में दी गई व्यवस्थाओं के तहत गांवों में इसका निस्तारण नहीं हो पा रहा था। फिहहाल, तैयार कार्ययोजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर घर–घर से प्लास्टिक कचरे का एकत्रीकरण कर उसे रोड हेड तक पहुंचाया जाएगा।इसके बाद क्षेत्र पंचायत (ब्लॉक) स्तर पर कूड़ा गाड़ियों के माध्यम से इस कचरे को कांपैक्टर तक पहुंचाया जाएगा। अगला काम जिला पंचायतों का होगा, जो कांपैक्ट किए गए कूड़े को निस्तारण के लिए प्लास्टिक वेस्ट प्लांट तक पहुंचाएंगी। यह पूरी श्रृंखला एक क्लस्टर के तहत काम करेगी।

## जम्मू–कश्मीर के पुंछ में आग में जलकर सैनिक की मौत

**जम्मू , एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में गलती से लगी आग में जलकर एक सैनिक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्थानीय आर्मी यूनिट के लांस नायक जसबीर सिंह की तैनाती पुंछ जिले के मेंधर इलाके में नियंत्रण रेखा के पास थी।

उसके अपने ही हथियार से लगी आग में वह घायल हो गया। सूत्रों ने बताया, उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## कार खाई में गिरी, तीन घायल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के पाबौ क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बरसुडी के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ में भर्ती कराया गया। जहां से एक को जिला अस्पताल पौड़ी रेफर किया गया है।

गुरूवार को पुलिस चौकी पाबौ पर सूचना प्राप्त हुई कि पाबौ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरसुड़ी के पास अल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे 60 मीटर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना पर चौकी प्रभारी मय पुलिस टीम के राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों का रेस्क्यू कर 108 सेवा के माध्यम से प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाबौ में भर्ती कराया। उपनिरीक्षक दीपक पंवार ने बताया कि दुर्घटना में सन्तोष खकरियाल (उम्र 38 वर्ष) पुत्र सत्य प्रसाद निवासी ग्राम डुमका, पाबौ थाना पौड़ी, जनपद पौड़ी गढ़वाल (रेफर जिला अस्पताल पौड़ी ), अनुराग (उम्र 14 वर्ष) पुत्र कैलाश, अर्जुन (उम्र 24 वर्ष) पुत्र मधुसूदन घायल हो गये। संतोष खंकरियाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पौड़ी रेफर किया गया है, जबकि अनुराग और अर्जुन का स्वास्थ्य केंद्र पाबौ में उपचार चल रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपक पंवार, आरक्षी रविन्द्र, आरक्षी केसर सिंह शामिल थे।



**घायल को 108 सेवा में बैठाते हुए पुलिस कर्मी और स्वास्थ्य कर्मी।**

## मौसम खुलते ही यात्रा ने पकड़ी रफ्तार, बदरीनाथ–केदारनाथ में उमड़ा यात्रियों का हुजूम

**रुद्रप्रयाग/चमोली।** मौसम खुलने के साथ चारधाम यात्रा रफ्तार पकड़ने लगी है। सुहावने मौसम के बीच बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की भीड़ जुट रही है। सोनप्रयाग से दोपहर 12 बजे तक कुल 9247 यात्रियों को धाम के लिए रवाना किया गया। धाम में भी दिनभर भक्तों की भीड़ जुटी रही।

बृहस्पतिवार को तीन बजे से ही सोनप्रयाग में केदारनाथ जाने के लिए भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। सुबह छह बजे यात्रियों का पहला जत्था धाम के लिए रवाना किया गया। यहां तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट अरुण राणा ने बताया कि केदारनाथ धाम में आए दिन खराब हो रहे मौसम को ध्यान में रखते हुए ही यात्री रवाना किए जा रहे हैं। इधर गुप्तकाशी से गौरीकुंड ता रात्रि प्रवास के लिए लगभग छह हजार यात्री रुके हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 1795 यात्रियों की जांच कर उपचार किया गया।

# छात्रों को विद्यालय में ही मिलेंगे सभी आवश्यक प्रमाण पत्र : सीएम

**◆मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सर्किट हाउस बनाये जाने के दिये निर्देश◆मुख्यमंत्री ने की जनपद नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर की 7 विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पं. गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के प्रशासनिक भवन सभागार में जनपद नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसमें विधानसभा क्षेत्र लाल कुआं, भीमताल, नैनीताल, कालाढूंगी, काशीपुर, गदरपुर, रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में यह व्यवस्था बनाई जा रही है कि प्रत्येक माह की एक तारीख तक समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों की पेंशन उनके खाते में पहुंच जाये। साथ ही छात्रों को उनके समस्त प्रकार के आवश्यक प्रमाण पत्र उनको विद्यालय में ही उपलब्ध कराये जाने का अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा सरलीकरण के रास्ते पर चलने हेतु वन विभाग को प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक जिले में सर्किट हाउस बनाने के लिए निर्देश भी उन्होंने दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि आने वाले बारिश के सीजन को देखते हुए आपदा राहत की तैयारियों के साथ जल जनित बीमारियों को दूर रखने के लिए साफ-सफाई अभियान चलाने, लम्पी वायरस से बचाव के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाये।

मुख्यमंत्री ने बैठक में उठाये गये बिंदुओं को शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि विधायकगणों द्वारा अपने क्षेत्रों की जिन जन समस्याओं को रखा जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करायें। विकास कार्यों को एक दूसरे पर थोपे जाने के बजाय विभागीय अधिकारी उनका आपसी समन्वय के साथ निस्तारण पर ध्यान दे। जिन जन समस्याओं का समाधान जल्दी हो सकता है, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि गणों द्वारा विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न घोषणाओं के लिए जो भी प्रस्ताव आते हैं, उनका पहले भली भांति परीक्षण कर लिया जाए।

यह भी स्पष्ट किया जाए कि यह घोषणा कितनी समयावधि में पूर्ण हो जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में एक नई कार्य संस्कृति लागू करनी है। जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारी संवादहीनता को दूर कर आपसी समन्वय बढ़ाकर कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विधायकगणों द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्रों की जिन जन समस्याओं को बैठक में रखा गया है, सभी विभागीय सचिव उनको प्राथमिकता में लेते हुए यथाशीघ्र समाधान करें। बैठक में विधायकगणों द्वारा सड़कों के निर्माण एवं सुधारीकरण, नहरों के मरमत्तीकरण, बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य, सीवरेज एवं ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने, पर्यटक स्थलों के विकास एवं विधानसभा क्षेत्रों की अन्य समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों द्वारा जो भी जन समस्याएं रखी गई हैं, उनका हर संभव समाधान किया जायेगा।



**सीएम पुष्कर सिंह धामी पंतनगर में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए।**

## अल्मोड़ा के युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**रुद्रपुर** : बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के भूरारानी रेलवे लाइन पर संदिग्ध हालात में एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक के परिजनों को भी सूचना भेजी गई है। मूल रूप से अल्मोड़ा निवासी 22 वर्षीय इन्दर कुमार पुत्र गोविन्द राम भूरारानी मोहल्ले में एक किराए के मकान में रहता था। बुधवार देर रात दस बजे कंपनी में काम करने के बाद वापस लौट रहा था। इस दौरान भूरारानी रेलवे लाइन में युवक कि संदिग्ध हालात में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। युवक की मौत की खबर लगते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंचे बाजार चौकी के एसआई अशोक कुमार फर्त्याल ने शव को कब्जे में लेकर युवक के परिजनों को सूचना दे दी है। युवक की मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया, वे अल्मोड़ा से रुद्रपुर को रवना हो गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। (एजेंसी)

# ‘पहले क्या वह नैतिकता भूल गए थे’, उद्धव ने मांगा इस्तीफा तो भड़के शिंदे और फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से पहले उद्धव ठाकरे के इस्तीफा देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए थे, जिस पर उद्धव ने कहा था कि एकनाथ शिंदे ने उनकी पीठ में छुरा घोंपा। गद्दार लोगों के साथ सरकार कैसे चलाता। ऐसे में नैतिकता के आधार पर मैंने इस्तीफा दे दिया। इस पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है।

फडवीस ने कहा कि नैतिकता की बात करना उद्धव ठाकरे को शोभा नहीं देता। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब वह एनसीपी और कांग्रेस के साथ सीएम पद के लिए गए तो क्या वह अपनी नैतिकता भूल गए थे? उन्होंने कहा कि ठाकरे ने नैतिक के आधार पर इस्तीफा नहीं दिया था, बल्कि डर के कारण जो लोग उनके साथ थे, उन्हें छोड़ दिया।

भाजपा नेता ने आगे कहा कि यह लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत है। हम सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले से संतुष्ट हैं। आज महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की साजिश नाकाम हो गई है। अब, किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिए कि महाराष्ट्र सरकार पूरी तरह से कानूनी है।



महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि क्या उद्धव ठाकरे सुप्रीम कोर्ट या एउक से ऊपर हैं कि वह हमें अपना कोई अन्य पदाधिकारी नियुक्त नहीं करने देंगे और हमें शिवसेना नाम का उपयोग नहीं करने देंगे। उन्होंने आगे कहा कि नैतिकता की बात अब करने से अच्छा तब करनी चाहिए थी जब चुनाव हुआ था। तब अगर लोगों का निर्णय देखते हुए नैतिकता की बात करते तो भाजपा–शिवसेना की सरकार बन जाती लेकिन इन्होंने कुर्सी पाने के लिए फैसला लिया

शिंदे ने आगे कहा कि इस्तीफा आपने (उद्धव ठाकरे) दिया था। आपके पास अल्पमत था, कितने लोग बचे थे? उन्हें पता था उनकी हार हो जाएगी और तब राज्यपाल ने निर्णय लिया जो सही था। उन्होंने कहा कि हमने शिवसेना और बालासाहेब की विचारधारा को बचाने का काम किया है।

बता दें, उद्धव ने कहा कि एकनाथ शिंदे ने उनकी पीठ में छुरा घोंपा। उन्होंने कहा कि जिन्हें पार्टी ने सबकुछ दिया उन्होंने ही गद्दारी की। गद्दार लोगों के साथ सरकार कैसे चलाता। ऐसे में नैतिकता के आधार पर मैंने इस्तीफा दे दिया। उद्धव ने मांग की थी कि जैसे मैंने नैतिकता का पालन किया था, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अगर वर्तमान के मुख्यमंत्री (एकनाथ शिंदे) में जरा भी नैतिकता हो तो ये तुरंत इस्तीफा दे दें।

उद्धव ने नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद कहा कि इस देश में प्रजातंत्र की रक्षा करना हमारा काम है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर मैं इस्तीफा नहीं देता तो शायद मैं फिर मुख्यमंत्री बन जाता। मैं मेरे लिए नहीं लड़ रहा, मेरी लड़ाई जनता के लिए, देश के लिए है। राजनीति में मतभेद होते रहते हैं लेकिन हमारा एक मत यह है कि इस देश को बचाना है।

उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि पूरे देश में अधिक से अधिका पार्टियां एकजुट हों, मिलकर हम सब लड़ेंगे। आज जो केंद्र में है वे देश के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं इसलिए देश के हित में हम सब

## गद्दारों के साथ कैसे चलाता है सरकार: उद्धव

**मुंबई, एजेंसी** । महाराष्ट्र में सियासी संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शिवसेना–उद्धव बालासाहेब के प्रमुख उद्धव ठाकरे का बयान आया है। विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से पहले ही उद्धव के इस्तीफा देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सवाल पर उद्धव ने कहा कि एकनाथ शिंदे ने उनकी पीठ में छुरा घोंपा। उन्होंने कहा कि जिन्हें पार्टी ने सबकुछ दिया उन्होंने ही गद्दारी की। गद्दार लोगों के साथ सरकार कैसे चलाता। ऐसे में नैतिकता के आधार पर मैंने इस्तीफा दे दिया। उद्धव ने मांग की कि जैसे मैंने नैतिकता का पालन किया था, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अगर इस मुख्यमंत्री (एकनाथ शिंदे) में जरा भी नैतिकता हो तो ये तुरंत इस्तीफा दे दें। नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद उद्धव ने कहा कि इस देश में प्रजातंत्र की रक्षा करना हमारा काम है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर मैं इस्तीफा नहीं देता तो शायद मैं फिर मुख्यमंत्री बन जाता। मैं मेरे लिए नहीं लड़ रहा, मेरी लड़ाई जनता के लिए, देश के लिए है।

## अफसरों की ट्रांसफर–पोस्टिंग का अधिकार आप सरकार के पास

**दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में सर्विसेज पर नियंत्रण किसका होगा, सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने इसका फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों की ट्रांसफर–पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दे दिया है। इस फैसले से केजरीवाल सरकार की बड़ी जीत हुई है। एनसीटी दिल्ली के पास सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि को छोड़कर सेवाओं पर दिल्ली सरकार को विधायी शक्ति दी गई है। सभी जजों ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 2018 के फैसले पर असहमति जाहिर की है। कोर्ट ने अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग का अधिकार दे दिया है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार की शक्तियां अन्य राज्यों के मुकाबले कम हैं। यहां चुनी हुई सरकार है लेकिन सरकार के पास शक्तियां सीमित हैं। कोर्ट ने माना की चुनी हुई सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही है। एनसीटी पूर्ण राज्य नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि एग्जीक्यूटिव मामले का अधिकार एलजी का है। लोकतंत्र में असली फैसला चुनी हुई सरकार को ही करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अगर केंद्र का कानून नहीं है तो दिल्ली सरकार कानून बना सकती है। चुनी हुई सरकार का प्रशासन पर नियंत्रण जरूरी। एलजी को सरकार की बात माननी चाहिए। एलजी को चुनी हुई सरकार को ही करना चाहिए।आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। दिल्ली सरकार ने कोर्ट से केंद्र के साथ अपनी शक्ति की सीमा तय करने की मांग की थी। जनवरी महीने में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने चार दिनों तक दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।



**अब होगा दिल्ली में तेजी से विकास**

# आदर्श चंपावत एवं आदर्श उत्तराखण्ड बनाने की दिशा में बढ़ा एक और कदमः मुख्यमंत्री




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को चम्पावत के गोरलचोड़ स्थित आडिटोरियम में स्मार्ट स्कूल–स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम प्राप्त होंगे उन्होंने इसे चंपावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में बढ़ाया कदम बताते हुए कहा कि यह आदर्श उत्तराखण्ड के लिये भी अच्छी पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''सम्पर्क'' अर्थात ''जुड़ना'', समाज के वंचित और हाशिए पर रह रहे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना संपर्क फाउण्डेशन के उद्देश्य को सार्थक करता है। उन्होंने इसके लिये सम्पर्क फाउण्डेशन के प्रयासों को भी समाजहित में बताया। उन्होंने कहा कि आज का युग साइंस और टेक्नोलॉजी का है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी कहा करते हैं कि देश के विकास के लिए लोग साइंस और टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग करें। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम कार्यों को आसानी के साथ ही कम समय में अधिक काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा की विद्यालयों को संपर्क स्मार्ट डिवाइस दिए गए हैं जिससे बच्चे आसानी से, सरल भाषा में, आनंदमय तरीके से शिक्षा ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। दुनिया में अनेक देशों की अर्थव्यवस्था बिगड़ रही है, खराब हो रही है वहीं भारत की अर्थव्यवस्था इस विषम समय में भी 11 वें स्थान से 5 वें स्थान की अर्थव्यवस्था बन गई है। आने वाले समय में स्वतंत्रता की शताब्दी में भारत दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बन जाएगा। किसी भी देश का सामाजिक एवं आर्थिक विकास उस देश के नौनिहाल व बच्चें है। उनकी शिक्षा किस प्रकार की हो, उसकी गुणवत्ता किस प्रकार की हो उस पर निर्भर करता है। यह सब कार्य शिक्षकों के जिम्मे है। पहला संस्कार माता–पिता देते हैं दूसरा शिक्षक गण देते हैं। उन्हें जीवन में शिक्षा देने, आगे बढ़ाने का कार्य शिक्षक करते हैं। चंपावत से निकलने वाले बच्चें विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे वहां जाकर अपने माता–पिता का नाम रोशन करने के साथ ही गांव, क्षेत्र, जिला, प्रदेश का नाम रोशन करेंगे, वहीं शिक्षकों का भी नाम रोशन करेंगे, जहां से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा का चम्पावत में बनाये जा रहे कैंपस का शासनादेश जारी कर दिया गया है। साथ ही चम्पावत जिले के सभी विद्यालय भवनों का जीणोद्धार, सौंदर्यीकरण सहित सभी में आवश्यक सुविधाए उपलब्ध करायी रही है, उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक आधुनिक शिक्षा पहुॅचाने का कार्य संपर्क फाउण्डेशन, सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।

## स्कूल को कंप्यूटर और प्रिंटर सहित अन्य सामग्री दी

चमोली : न्यूजीलैंड की कंपनी मार्गेह की संस्थापक अलिटा सोफिन ने प्राथमिक विद्यालय लंगासू को कंप्यूटर और प्रिंटर मशीन सहित अन्य शिक्षण सामग्री भेंट की। अलिटा आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए देश के विभिन्न जगह पर विद्यालयों को कंप्यूटर सहित अन्य सामग्री वितरित कर रही हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशि कंडवाल ने बताया कि कंप्यूटर मिलने से बच्चे छोटी उम्र से ही तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। उनके सीखने का स्तर भी बढ़ेगा। अलिटा सोफिन ने बच्चों के साथ संवाद किया। कंप्यूटर का प्रयोग कैसे किया जाएगा इसको लेकर उन्होंने कुछ गतिविधियां भी कराई। सोफिया कुछ दिनों तक विद्यालय में जाकर बच्चों के साथ काम करेंगी। इस दौरान सहायक अध्यापक अनसूया प्रसाद थपलियाल भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 25 खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट अधोमानक आई

नई टिहरी : चारधाम यात्रा के मद्देनजर यात्रारूट पर आगराखाल, फकोट, खाड़ी, सेलूपानी, आमसेरा व चंबा में खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की मुख्यालय व जिले की संयुक्त टीम ने मोबाइल लैब की मदद से 100 खाद्य पदार्थों के नमूने मौके पर लेकर मौके पर ही नमूने के परिणाम भी जारी किये। 100 खाद्य पदार्थों में 25 खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट अधोमानक आई। जिसे लेकर खाद्य कारोबारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गये। इस दौरान संयुक्त टीम ने खाद्य सुरक्षा को लेकर खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण देकर अहम जानकारियां भी दी।खाद्य संरक्षा विभाग के उपायुक्त मुख्यालय जीसी कंडवाल और जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने बताया कि चारधाम यात्रा के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत और खाद्य संरक्षा विभाग के आयुक्त डा आर राजेश के निर्देश पर निरंतर निरीक्षण अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में मोबाइल लैब की मदद से भी मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच का अभियान भी शुरू किया गया है। यात्रा रूट पर गुरुवार को 100 खाद्य पदार्थों में दूध व दूध से बने पदार्थ, मिठाई, मसाले व दाल के सैंपल लिए गये। जिनमें से दूध के तीन, मिठाई के 6, मसालों के 12 व दाल के चार नमूने अधोमानक पाये गये। जबकि अन्य मानकों के अनुरूप पाये गये। इस दौरान यात्रा रूट के खाद्य कारोबारियों के साथ कार्यशाल कर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया। जिसमें खाद्य कारोबारियों को बताया गया कि मेहमान के रूप में आने वाले यात्रियों को ताजा व स्वच्छ खाना परोसें। खाद्य पदार्थों की खामियों से अवगत कराते हुए भविष्य में लापरवाही पर वैधानिक कार्यवाही चेतावनी भी दी। इसके साथ ही खाद्य लाईसेंस, पंजीकरण, फूड सेप्टी डिस्प्ले बोर्ड, रेट लिस्ट, धुम्रपान निषेध सम्बंधी चेतावनी को लेकर सचेत करते हुए आवश्यक नियमों की जानकारी दी गई। मिठाईयों के निर्माण में अनुमन्य खाद्य रंगों के संयमित उपयोग, मिठाईयों की निर्माण व उपभोग तिथि को प्रदर्शित करने, खाद्य तेल का तीन बार से अधिक प्रयोग न करने व खाद्य सुरक्षा नियमों को लेकर जानकारियां दी गई। बताया कि मोबाईल खाद्य विश्लेषण वैन में 50 रूपये का शुल्क देकर किसी भी खाद्य पदार्थ की जांच करवा सकते हैं। मिलावटी सामग्री बेचे जाने पर इसकी सूचना टोलफ्री नंबर 18001804246 पर दे सकते हैं। इस अभियान के दौरान 80 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त मुख्यालय जीसी कंडवाल, उपायुक्त खाद्य विश्लेषणशाला आरएस कठैत, जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा शारदा शर्मा, कनिष्क विश्लेषक मोहित कुमार, एफडीए विजिलेंस संजय नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दो दिन में ही मूल पद पर वापस लौटे बीईओ कालसी

विकासनगर। प्राथमिक शिक्षक संघ के विरोध के बाद मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय से संबद्ध किए गए बीईओ को दो दिन बाद ही मूल तैनाती स्थल कालसी ब्लॉक में वापस भेज दिया गया है।

बीईओ वापस आने से स्थानीय जनता में खुशी की लहर है। बीते शनिवार को प्राथमिक शिक्षक संघ और खंड शिक्षाधिकारी के बीच विवाद पैदा हो गया था। जिसके बाद शिक्षकों ने बीईओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। शिक्षकों का आरोप था कि बीईओ उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। औचक निरीक्षण के नाम पर कक्षा कक्षों में जाकर महिला शिक्षकों के फोन चेक करते हैं, जिससे महिलाओं की निजता का हनन होता है। मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों के चार घंटे हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद सीईओ ने कालसी ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारी को जिला मुख्यालय से संबद्ध करने का आदेश जारी किया, जिसके बाद शिक्षक वापस लौटे थे। बुधवार को स्थानीय जनता ने शिक्षा निदेशक से मुलाकात कर बीईओ को वापस उनके मूल तैनाती स्थल पर भेजने की मांग की थी। अभिभावकों ने शिक्षा निदेशक को बताया कि जौनसार बावर क्षेत्र में कार्यरत कुछ शिक्षक मनमानी करते रहते हैं। अक्सर विद्यालय से नदारद रहने की प्रवृत्ति शिक्षकों में आम हो चुकी है। बीईओ के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही लापरवाह शिक्षकों की कार्यप्रणाली में सुधार आने लगा था। स्थानीय जनता ने आरोप लगाया कि अधिकारी की सख्ती से परेशान शिक्षकों ने साजिश के तहत उच्चाधिकारियों पर दबाव बनाकर उन्हें मुख्यालय से संबद्ध करा दिया था।

## टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर रफूचक्कर हुआ ठग

रुड़की। टेस्ट ड्राइव के नाम पर एक व्यक्ति की बाइक लेकर ठग रफूचक्कर हो गया। पीड़ित ने पुलिस को मामले में तहरीर दी है। सिविल लाइंस कोतवाली को लक्सर निवासी इनाम ने बताया कि बुधवार को अज्ञात नंबर से कॉल आया था। अज्ञात ने ओएलएक्स पर बाइक खरीदने का विज्ञापन देखा था, जिसका सौदा 38 हजार रुपये में तय हुआ था। बातचीत तय होने पर वह पटियाला चौक के पास आया था। वहां टेस्ट ड्राइव के बहाने अज्ञात बाइक लेकर फरार हो गया। गुरुवार को पीड़ित तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचा। उप निरीक्षक बारू सिंह चौहान ने बताया कि लोगों को जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# डीएम अध्यक्षता में हुई प्रस्तावित एम0एस0 एम0ई0 नीति 2023 के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में प्रस्तावित एम0एस0एम0ई0 नीति 2023 के सम्बन्ध बैठक आयोजित करते हुए विभिन्न उद्योग संघो से सुझाव प्राप्त किये गए। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य में नये उद्योग के साथ ही पुराने उद्योग भी स्थापित रहे इसके लिए प्रभावी नीति तैयार करने हेतु सुझाव प्राप्त किये जा रहे। उन्होंने महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द को निर्देशित किया कि उद्योग संघो के प्रतिनिधियों एवं उद्योगपतियों द्वारा दिए गए सुझावों को संकलित करते हुए शासन को प्रेषित करें।

उद्योगपतियों ने जिलाधिकारी के सम्मुख अपने सुझाव रखे जिनमें प्रमुख सुझावों में उंचाई 800 मीटर के स्थान पर पूर्व की भांति 600 मीटर रखने, 1–5 करोड़ तक उद्योगों को ध्यान रखते हुए नीति बनाई जाए। साथ ही परिवहन सब्सिडी, सोलर को उद्योग में सम्मिलित करने, कैपिटल सब्सिडी 07 वर्ष के स्थान पर एक ही समय करने तथा स्टाम्प ड्यूटी में छूट रखने आदि सुझाव दिए गए।बैठक में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, अध्यक्ष आई.ए यू पंकज गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, तरूण गोयल, अनशुमन गोयल, राहुल जैन आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने छात्रों को पढ़ाया कानून का पाढ़

नई टिहरी : नरेंद्रनगर थाने की पुलिस चौकी गजा के पुलिस टीम ने जीआईसी गजा के छात्र-छात्राओं को विभिन्न कानूनों व अपराधों की जानकारी देते हुए नशे व साईबर क्राइम को लेकर सचेत किया। पुलिस और गौरा शक्ति एप्प की जानकारी भी छात्रों को दी। गजा चौकी इंजार्च नवीन नौटियाल, इंस्पेक्टर नदीम अथहर व सचिन पुंडीर ने जीआईसी गजा में छात्रों से सीधा संवाद करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर छात्रों को यातायात, साईबर क्राइम, नारकोटिक्स, ड्रग्स से जुड़े कानूनों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। छात्रों से अवगत कराया कि यातायात नियमों पूर्ण रूप से पालन करें। ताकि इससे जीवन सुरक्षित रखने के साथ ही सुरक्षित यातायात में मदद मिलेगी। पुलिस कर्मियों ने छात्र–छात्राओं को पुलिस व गौरा शक्ति एप्प की जानकारी देते हुए किसी भी परेशानी में पुलिस ने संपर्क करने की अपील की। नशे के कारोबारियों की सूचना गुप्त रूप से देने की बात कहते हुए बताया कि सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जायेगा। पुलिसकर्मियों ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा व व्यवस्था के लिए है। इसलिए पुलिस का हर स्तर पर सहयोग करें। ताकि पुलिस जनता की मदद से अपराधियों पर नकेल कस सके। (एजेंसी)

### दो साल से चकराता अस्पताल के बरामदे में धूल फांक रही एक्स–रे मशीन

विकासनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता में आठ लाख कीमत की डिजिटल एक्सरे मशीन पिछले दो साल से अस्पताल के बरामदे में धूल फांक रही है। जबकि मरीजों को एक्सरे कराने के लिए विकासनगर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। भले ही प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार अपनी पहली प्राथमिकता बता रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे जुदा है। खासकर जौनसार बावर में तो स्वास्थ्य सेवा खुद ही वेंटिलेटर पर है। सीएचसी चकरता में पुरानी एक्सरे मशीन खराब होने के बाद विभाग ने डिजिटल एक्सरे मशीन तो अस्पताल में भेज दी थी, लेकिन दो साल का लंबा समय बीत जाने के बाद भी उसे अस्पताल लगाया नहीं गया है।

# नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

देहरादून। उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के सभागार में नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने टेक्नोलॉजी को शिक्षा से जोड़ने की जरूरत बताई। गुरुवार को कार्यशाला का शुभारंभ यूसैक की निदेशक नितिका खंडेलवाल ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी मानव के जीवन का अहम हिस्सा बन गई है, उन्होंने टेक्नोलॉजी को शिक्षा से जोड़ने पर अहम जोर देते हुए कहा कि विश्व का नेतृत्व वही, देश करेगा जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अग्रणी होगा। कहा कि हिमालय के सर्वांगीण विकास एवं पर्यावरण संतुलन के लिए अंतरिक्ष आधारित सूचना तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान है, जिसके लिए राज्य में कार्य कर रहे सभी राष्ट्रीय एवं राजकीय संस्थानों को अधिक सामन्जस्य एवं साझा प्रयास करने होंगे। मुख्य वक्ता आईआईआरएस के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हरीश कनार्टक ने जियोइंटेलिजेन्स में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और इसके उपयोग पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुवल रियलिटी, 5जी नेटवर्क, रियल टाईम त्वरित डेटा अधिग्रहण की उपयोगिता मानव के दैनिक जीवन एवं कार्य पद्वति तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों की उपयोगिता पर चर्चा की।आईआईआरएस की वैज्ञानिक डॉ. क्षमा गुप्ता ने अर्बन माइक्रो क्लाइमेट विषय पर कहा कि पहाड़ों से पलायन होकर लोग शहरों की ओर आ गए हैं, जिससे आबादी तीव्रता से बढ़ गई है, वहीं, दूसरी ओर पहाड़ी नगर खाली हो रहे हैं। हिल टाउन को डेवलप करने की जरूरत है, इसके लिए विकास के इकोनॉमिक मॉडल को बदलने की जरूरत है। यूसैक की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुणा रानी ने रिमोट सेसिंग एवं जीआईएस की ऊर्जा के क्षेत्र में उपयोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. सुषमा गैरोला, वैज्ञानिक डॉ. प्रियदर्शी उपाध्याय, , डॉ. गजेंद्र सिंह, शशांक लिंगवाल, पुष्कर कुमार, डॉ. दिव्या उनियाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आरएस मेहता, प्रशासनिक सलाहकार प्रदीप रावत, सिस्टम मैनेजर हेमंत बिष्ट, नवीन चंद्र, विवेक तिवारी, सोनम बहुगुणा आदि उपस्थित थे।

## अम्बीवाला, शुक्लापुर में बिजली की समस्या दूर करने की मांग

देहरादून। अम्बीवाला, शुक्लापुर, ठाकुरपुर, संजय कॉलोनी, लक्ष्मीपुर के कई मौहल्लों में सिंगल फेस लाइन होने से उपभोक्ता लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। परेशान उपभोक्ताओं ने यूपीसीएल के मोहनपुर डिवीजन के ईई मोहन मित्तल से उनके कार्यालय में मुलाकात की और बिजली सम्बंधी परेशानी को दूर करने की मांग की। क्षेत्र पंचायत सदस्य मंजू नेगी के नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने ईई कार्यालय के बाहर नारेबाजी भी की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बंच केबल न होने से बार बार बिजली की सप्लाई में बाधा आती है। घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों के कारण हादसों का डर बना रहता है।

## गोल्डन कार्ड के नाम पर हो रही कटौती को वापस करने की मांग की

नई टिहरी : नरेंद्रनगर में राजकीय पेंशनर्स संगठन ने बैठक कर पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की। पेंशनरों ने गोल्डन कार्ड के नाम पर की जा रही कटौती को सरकार से वापस देने की मांग की।

उन्होंने कहा उनकी मांग को नहीं माना जाता है तो पेंशनरों को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। गुरुवार को नरेन्द्रनगर ब्लॉक के पेंशनरों ने नरेन्द्रनगर में बैठक कर गोल्डन कार्ड के नाम पर की जा रही कटौती को वापस लेने की मांग की। संगठन की वरिष्ठ सदस्य शीला रतूड़ी तथा विजेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन से गोल्डन कार्ड के नाम कटौती कर रही है, लेकिन उन्हें उसके मुताबिक सुविधा नहीं दी जा रही है। कहा सेवा निवृत्त कर्मचारियों की ओर से कई बार गोल्डन कार्ड के नाम की जा रही कटौती बंद करने की मांग गई है। लेकिन सरकार की ओर से सकारत्मक कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने सरकार से पेंशन खाते से की जा रही कटौती को वापस करने की मांग की है।

कहा मामले में जल्द उचित निर्णय नहीं होती है, पेंशनर संगठन को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। बैठक में महालक्ष्मी बिजल्वाण, प्रेमावती पांडे, राजेंद्र भंडारी, भोला बिष्ट, जयपाल नेगी, बुद्धिराम सेमवाल, सुंदर बिजल्वाण, विमला बहुगुणा, राम प्रसाद रयाल, हंसलाल असवाल, विजेंद्र रावत,अनुसूया पैन्यूली, गोपालदत्त खंडूडी, प्रेमबहादुर थापा, बीनू माझी, पुष्पा बंग्वाल, पूर्णानंद बहुगुणा आदि शामिल थे। (एजेंसी)

## डिस्पेंसरी रोड, मोतीबाजार में बोर्ड लगाए जाएं

देहरादून। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने पलटन बाजार, दर्शनी गेट बाजार की तरह डिस्पेंसरी रोड और मोती बाजार में भी बोर्ड व शामियाना लगाने की मांग की है। गुरुवार को आयोजित बैठक में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि व्यापारियों के साथ दोहरा व्यवहार न किया जाए। प्रशासन की ओर से पलटन बाजार से दर्शनी गेट तक बोर्ड और शामियाना लगाए गए हैं, लेकिन डिस्पेंसरी रोड, मोती बाजार, आर्य समाज रोड, छोटी सब्जी मंडी के व्यापारियों का ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि बाजार को एक रूप देने के लिए बची हुई जगहों पर भी बोर्ड और शामियाने लगाए जाएं।

# 30 स्थानों पर हुई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

देहरादून। जनपद में अतिक्रमण से बाधित सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन पर 5 जोन बनाए गए है, जिनके लिए नगर निगम, पुलिस, प्रशासन की अलग–अलग संयुक्त टीम बनाकर प्रथम चरण में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। आज लालपु से कारगी चैक , किशन नगर चैक से पण्डितवाड़ी ,सर्वे चैक से तपोवन, ट्रांस्पोर्टनगर से बल्लुपुर तथा दिलाराम से मसूरी डाईवर्जन तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

पांचो टीमों द्वारा आज अपने–अपने जोन में 30 स्थानों से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार नगर निगम देहरादून द्वारा कुल 61 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 64700 अर्थदण्ड की कार्यवाही तथा पुलिस टीम द्वारा 48 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 24000 के तथा संभागीय परिवहन विभाग द्वारा 60 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 166600 के अर्थदण्ड की कार्यवाही की गयी।

टीम द्वारा चेतावनी दी गई है कि अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लिया जाए अन्यथा भारी अर्थदण्ड की कार्यवाही के साथ ही सामग्री जब्त कर ली जाएगी।

## कुंजा बहादुरपुर गांव में हुआ साक्षर केंद्र शुरु

रुड़की। साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम के तहत कुंजा बहादुरपुर गांव में साक्षर केंद्र की शुरुआत की गई। साक्षरता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ममता राकेश ने कहा कि जो माता–पिता निरक्षर रह गए हैं। वह अपने बच्चों की शिक्षा पर किस प्रकार ध्यान दें। इसी के चलते सरकार ने एक साक्षरता अभियान चलाया है। इसमें गांव के निरक्षर व्यक्तियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव के सभी निरक्षर को साक्षर करने का काम सरकार की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षर ज्ञान एवं पढ़ना–लिखना बेहद जरूरी है। जेएम आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार साक्षरता अभियान चलाकर लोगों को साक्षर करने के लिए छोटे–छोटे केंद्र संचालित कर रही है।

# सीबीआरआई में हुआ 25वें प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रदर्शनी दीर्घा का शुभारंभ




रुड़की। सीबीआरआई में 25वें प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रदर्शनी दीर्घा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. इरशाद मसूद ने किया। इस वर्ष प्रौद्योगिकी दिवस की थीम स्कूल टू स्टार्टअप्स इग्नाइटिंग यंग माइंड्स टू इनोवेट है। इस दीर्घा का उद्देश्य जनता को विज्ञान और तकनीकी विकास के महत्व के प्रति जागरूक करना है। डॉ. मसूद ने कहा कि यह दीर्घा भारतीय समाज में विज्ञान की भूमिका को मजबूत करने में सहायक होगा। संस्थान के निदेशक प्रो. आर प्रदीप कुमार ने कहा कि इस दीर्घा के माध्यम से जनता को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवीनतम उपलब्धियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राज्यपाल ने किया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आईआईटी रूड़की में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरूवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर आईआईटी रूड़की में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्थान द्वारा बधिर दिव्यांगों के लिए संचालित अनुश्रुति अकादमी का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनायी गई पेंटिंग, हैण्डीक्राफ्ट आदि को भी देखा और उनकी सराहना की। इस दौरान राज्यपाल ने संस्थान की टिंकरिंग लैब, संस्थान के पुस्तकालय का भी भ्रमण किया और उन्होंने छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की का 175 वर्षों का देश की सेवा करने का गौरवशाली अतीत रहा है। संस्थान के कई एल्युमनी जो भारत और विदेशों में सफल तकनीकी और सामाजिक उद्यमों के संस्थापक हैं। ये सभी पूर्व छात्र आईआईटी रूड़की की उत्कृष्टता की विरासत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर कहा की प्रौद्योगिकी विकास के लिए योगदान देने वाले भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का यह महान अवसर है। सचमुच में भारत को आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्पन्न बनाने में हमारे वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा योगदान है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी के बल पर हम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बन सकते हैं। तकनीकी के बल पर आने वाले 25 सालों के अमृतकाल में हम एक नई ऊचाईयों को अवश्य छूयेंगे। उन्होंने कहा कि आईआईटी रूड़की इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक 175 साल पुराना संस्थान देश और दुनिया की आधुनिक समय की मांगों को पूरा करने के लिए खुद को ढ़ाल सकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति व इतिहास को आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ना होगा। आईआईटी रुड़की ने हमें अनेक बेहतरीन इंजीनियर और वैज्ञानिक दिए हैं, जिन्होंने देश के विकास और राष्ट्र के नव निर्माण में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आईआईटी रुड़की ने सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप कई नई पहलें की हैं और ज्ञान आधार बनाने के लिए उत्तराखंड में स्थानीय संस्थानों को उनकी शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं को बढ़ाने के लिए शामिल किया है।

# स्वस्थ रहने के लिए फास्टफूड न खाएं बच्चें



कण्वघाटी में आयोजित कार्यशाला में बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी देते चिकित्सक

**कौटद्वार** : भाबर क्षेत्र के कण्वघाटी में स्वास्थ्य विभाग ने विद्यार्थियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कहा कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए विद्यार्थी फास्टफूड का उपयोग न करें।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कण्वघाटी की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा. अजय सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को मौसम में होने वाली विभिन्न बीमारियों की जानकारी दी। कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों को धूप में घूमने से बचना चाहिए। जितना हो सकें पानी पीए। कहा कि यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो ही हम बेहतर खेत व पढ़ाई कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए हमें अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना होगा। अधिक फास्ट फूट खाने से पेट में कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होने लगती हैं। बाजार में खुली जगह पर रखे खाद्य पदार्थों को न खाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। कहा कि बेहतर जानकारी ही एक स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकती है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को विटामिन के साथ ही अन्य दवाएं वितरित की गई। इस मौके पर प्रकाश चंद्र कोठारी, सिंधु कोठारी, विपिन जदली, आरती कंडवाल, रेखा देवी, अनिल कुमार सैनी, नितिश कुमार, अमृता रावत आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाएं अधिकारी : ऋतु

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने ली पुलिस व प्रशासन की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ कोटद्वार के विकास कार्यों और विभिन्न विषयों को लेकर बैठक की। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी सख्ती से अभियान चलाएं।



कोटद्वार में अधिकारियों की बैठक लेते विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी

बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को जरूरी सुझाव और दिशा निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने यातायात पुलिस क्षेत्र अधिकारी को क्षेत्र में हेलमेट पहनने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही नुक्कड़ नाटक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मई महीने के अंत तक क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाये जाने तथा जून के आरंभ से ही बिना हेलमेट और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के चलान करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्त को चौराहों के सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण और शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ ही पुलिस प्रशासन को क्षेत्र में नशाखोरी, अवैध शराब और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, सीओ कोटद्वार वैभव सैनी आदि मौजूद रहे।

# राइका एकेश्वर के छात्रों ने लोगों को दी कानूनी जानकारी

**पौड़ी** : दगड्या ग्रुप एकेश्वर द्वारा लाश नामक नाटक का दूसरा मंचन सीआरसी एकेश्वर के सभागार में किया। दगड्या ग्रुप के तत्वावधान में एकेश्वर में स्थानीय विद्यालय के छात्रों के साथ 15 दिवसीय थियेटर वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। जिसमें लाश नामक नाटक तैयार किया गया। इस अवसर पर लीगल लिटरेसी क्लब जीआईसी एकेश्वर के छात्रों ने लोगों को विधिक जानकारियां भी दी, साथ ही साथ कानून संबंधी किताबों की प्रदर्शनी भी लगाई।

नाटक लाश का पहला मंचन एकेश्वर के ग्राम बिंजोली में किया गया था। लाश नाटक एक बुजुर्ग की कहानी है जिस को घर से निकाल दिया जाता है उसके बाद वह बहुत सी समस्याओं से जूझते हुए मर जाता है। नाटक के जरिए समाज में फैली संवेदनहीनता, सामाजिक असमानता एवं बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को दिखाया गया। नाटक प्रस्तुति राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एकेश्वर,

### लाश नाटक का किया शानदार मंचन

श्री गुर राम राय एकेश्वर, राजकीय इंटर कॉलेज एकेश्वर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय एकेश्वर के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने देखी। नाटक के लेखक एवं निर्देशक आशीष नेगी थे। नाटक में पिता की भूमिका में सूजल, बाबा के रोल में नीरज बडोला, पुलिस वालों के रोल में प्रियांशु, इशांत अक्षय रावत, पत्नी, स्थानीय महिला के रूप में खुशी, सहेली के रूप में ऋतु पत्रकार, स्थानीय महिला के रूप में सपना जोशी, पेपर वाले के रूप में ललित थापा, बच्चे के रोल में वेदांत पसबोला, गुंडे के रोल में विवेक नेगी, रचित पांडे थे। कैमरा मैन के रोल में कविंद्र ने दमदार किरदार निभाया, नेता की भूमिका में आशीष नेगी थे। इस अवसर पर प्रवक्ता राजेश राय, भूतपूर्व ग्राम प्रधान एवं समाजसेवी सुनील रावत, आशु भाई ने अपने विचार रखे संजीव, आशु, गौरव आदि शामिल रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सोनिया रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में रसायन विज्ञान विभाग परिषद एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान मे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल की देखरेख में प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें रसायन विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया नेगी, बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र शाकम्बर सिंह एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र गौरव रावत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान कक्ष निरीक्षक के रूप में डॉ. विकास प्रताप सिंह एवं मूल्यांकनकर्ता के रूप में डॉ. छाया सिंह ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. विवेक रावत ने किया।

# शतरंज प्रतियोगिता में हिमाली राणा और शुभम मैंदोला बनें विजेता

## कोटद्वार महाविद्यालय की दो दिवसीय इंडोर गेम्स प्रतियोगिता सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में दो दिवसीय इंडोर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में हिमाली राणा बीएससी तृतीय वर्ष विजेता, निधि रावत बीए तृतीय वर्ष उपविजेता रही, वहीं छात्र वर्ग में शुभम मैंदोला एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर विजेता एवं प्रफुल कुमार बीएड प्रथम वर्ष उपविजेता रहे।

शारीरिक शिक्षा के विभाग प्रभारी डा. संजीव कुमार ने बताया कि इंडोर गेम्स के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड एवं शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, इसलिए क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना सभी के लिए जरूरी है। कहा कि खेल सदभावना को दैनिक जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। प्रतियोगिता में पहले दिन टेबल टेनिस छात्रा एकल वर्ग में आलिया मंसूरी बीएससी द्वितीय वर्ष बायोटेक विजेता एवं हिमानी ममगाई बीएससी द्वितीय वर्ष उपविजेता रहीं, वहीं छात्र एकल में गौरव बाल्मीकि बी.कॉम द्वितीय वर्ष विजेता, रॉबिन नेगी बी. कॉम द्वितीय वर्ष उपविजेता रहे। टेबल टेनिस युगल छात्रा वर्ग में निशा बी.काम. तृतीय वर्ष एवं हिमानी बीएससी तृतीय वर्ष विजेता, सोनम राणा बीएड द्वितीय वर्ष, दीपाली रावत बीएड द्वितीय वर्ष उपविजेता रहे, जबकि छात्र वर्ग में गौरव वाल्मीकि बी. कॉम. द्वितीय वर्ष एवं अरुण बीए तृतीय वर्ष विजेता और रॉबिन नेगी बी.कॉम. द्वितीय वर्ष आकाश बिष्ट बी.कॉम. द्वितीय वर्ष उपविजेता रहे। बैडमिंटन में छात्र एकल में गौरव वाल्मीकि बी.कॉम. द्वितीय वर्ष विजेता एवं नागार्जुन शर्मा बीए द्वितीय वर्ष उपविजेता रहे, बैडमिंटन युगल छात्र वर्ग में गौरव वाल्मीकि बी.कॉम. द्वितीय वर्ष एवं अरुण बीए तृतीय वर्ष विजेता और नागार्जुन शर्मा बीए द्वितीय वर्ष, यश कुमार बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रहे। बैडमिंटन एकल छात्रा वर्ग में हिमानी ममंगाई बीएससी तृतीय वर्ष विजेता व निशा बी.कॉम.तृतीय वर्ष उपविजेता रहीं, बैडमिंटन युगल छात्रा वर्ग में निशा बी.कॉम. तृतीय वर्ष व हिमानी ममंगाई बीएससी तृतीय वर्ष विजेता तथा सोनम राणा बीएड द्वितीय वर्ष, दीपाली रावत बीएड द्वितीय वर्ष उपविजेता रहीं। कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में छात्रा एकल वर्ग में निशा बी.कॉम तृतीय वर्ष



विजेता तथा दीपाली रावत बीएड द्वितीय वर्ष उपविजेता रही। छात्र एकल वर्ग में अरुण बीए तृतीय वर्ष विजेता एवं आयुष त्रिपाठी बीए द्वितीय वर्ष उपविजेता रहे। छात्र युगल वर्ग में गौरव वाल्मीकि बी.कॉम. द्वितीय वर्ष एवं अरुण बीए तृतीय वर्ष विजेता, भरतेंद्र सिंह सेंगर व अंकित काला बीएड प्रथम वर्ष उपविजेता, छात्रा युगल प्रतियोगिता में सोनम राणा बीएड द्वितीय वर्ष, दीपाली रावत बीएड द्वितीय वर्ष विजेता व आलिया मंसूरी बीएससी द्वितीय वर्ष बायोटेक एवं हिमाली राणा बीएससी तृतीय वर्ष उपविजेता रहीं।

# टैक्सियों के मनमाने किराए पर रोक लगाने की मांग की

**पौड़ी** : पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नमन चंदोला ने टैक्सी चालकों द्वारा मनमाने किराए पर रोक लगाने की मांग की है। नमन चंदोला ने इस संबंध में आरटीओ पौड़ी को ज्ञापन सौंपा है। गुरूवार को आरटीओ को ज्ञापन देते हुए नमन चंदोला ने कहा कि बीते काफी दिनों से क्षेत्र के लोगों की शिकायतें मिल रही थी कि टैक्सी संचालक ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों से मनमर्जी का किराया ले रहे हैं। कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान इस तरह की समस्याएं लगभग हर साल सामने आती हैं। चारधाम यात्रा के साथ-साथ सरकार का कर्तव्य है कि यात्रा रुट से हटकर भी यात्रियों की समस्याओं का समाधान करें। वहीं, आरटीओ पौड़ी अनिता चंद ने बताया कि अधीनस्थ अधिकारियों को चैकिंग अभियान चलाकर यात्रियों को होने वाली समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाता है।

# छात्राओं को बताया स्काउट गाइड का उद्देश्य

### राजकीय बालिका इंटर कालेज कोटद्वार में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय बालिका इंटर कालेज कोटद्वार में स्काउट, गाइड के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्काउट, गाइड के महत्व के बारे में बताया।

गुरुवार को गाइड कैप्टेन शकुंतला बुड़ाकोटी के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। गाइड कैप्टेन ने छात्राओं को स्काउट, गाइड के महत्व के बारे में बताया। कहा कि स्काउट, गाइडट विद्यार्थियों को नियम और अनुशासन के साथ राष्ट्रभक्ति की शिक्षा देता है। जिससे विद्यार्थी में नैतिक गुणों का विकास होता है।



कोटद्वार के राबाइका में स्काउट, गाइड का परिचय लेती शिक्षिका

कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें हर रोज नई चीजों को सीखना होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नवीन प्रवेश पाने वाली छात्राओं को इंदिरा कंपनी में शामिल कर उन्हें अनुशासन की शपथ दिलवाई गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्य विनिता रावत ने गाइडस को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। कहा कि छात्राओं को जीवन में सफल होने के लिए पढ़ाई के साथ अनुशासन को अपनाना होगा। इस मौके पर रंजना कुकरेती, मंजू बाला गुसाईं, नीलम नेगी, सुमन रावत आदि मौजूद रहे।

# बेटे को बचाने के दौरान नदी में डूबा पिता, मौत

## पाटीसैंण के समीप नयार नदी में नहा रहे थे पिता-पुत्र

**कोटद्वार** : पश्चिमी नयार नदी में डूब रहे बच्चे को बचाने के प्रयास में पिता की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पिता-पुत्र को नदी से बाहर निकाला। बेटे को बेहोशी की हालत में सतपुली हंस चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। दिल्ली निवासी संसार सिंह पाटीसैंण अपने किसी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। गुरुवार दोपहर वह अपनी पत्नी व बेटे के साथ नयार नदी में घूमने गए हुए थे। कुछ देर बाद पिता-पुत्र नदी में नहाने लगे। नहाने के दौरान बेटा नदी की गहराई में चला गया। चिल्लाने पर संसार सिंह उसे बचाने के लिए उसके समीप जाने लगे। लेकिन, गहराई में वह भी डूबने लगे। पत्नी के चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पिता-पुत्र को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि घटना में संसार सिंह की मौत हो गई। जबकि उनके 14 वर्षीय पुत्र को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सीडीओ अस्पतालों का नियमित निरीक्षण व मॉनिटरिंग करें

## अफसर पॉलिथिन पर प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही में तेजी लाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने समस्त उपजिलाधिकारी, ईओ नगर पालिका व ईओ नगर पंचायत के अधिकारियों को पॉलिथिन पर प्रतिबंध लगाने हेतु चालान की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को समय-समय पर समस्त उपजिलाधिकारी व ईओ के साथ पॉलिथिन पर प्रतिबंध लगाने हेतु बैठक करने को कहा। कहा कि बायो मेडिकल वेस्ट के व्यवस्थित प्रबंधन हेतु मुख्य विकास अधिकारी चिकित्सालयों का नियमित निरीक्षण व मॉनिटरिंग करें।

साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन हेतु डीप बरियल पिट की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट 5 दिन के भीतर उपलब्ध कराएं।गुरूवार को जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में नमामि गंगे के अंतर्गत जिला स्तरीय गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नाला टेपिंग, सीवरेज निर्माण, बायो मेडिकल निस्तारण, नगर पालिकाओं के ठोस कूड़ा



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

निस्तारण तथा जैव चिकित्सा अवशिष्ट निस्तारण पर गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत कूड़ा निस्तारण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिशासी अधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद क्षेत्रान्तर्गत ऐसे स्थान जहां पर कूड़ा बल्क में जनरेट हो रहा हो ऐसे स्थलों का 16 मई तक चिन्हित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यासघाट स्थल पर साफ-सफाई व समशान घाट का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एएमए जिला पंचायत को सक्त निर्देश दिये कि कस्बों में साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित उपजिलाधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों को 16 मई तक समस्त कॉम्पेक्टर चालू करवाने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्व, जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, पीएम स्वजल दीपक रावत, ईओ नगर पालिका गौरव भसीन व अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वाद विवाद तत्क्षण भाषण प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर भविष्य की तैयारी करनी चाहिए।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य जानकी पंवार ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में मीनाक्षी, आंचल ध्यानी, दीक्षा जदली ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया था।

इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुरलीधर कुशवाहा, डा.नीता भट्ट, डा. उर्मिला राणा, डा. श्वेता कुकरेती, डा. नेहा कुकरेती आदि मौजूद रहे।



प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

# तहसील दिवस 16 मई को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : तहसील पौड़ी में आगामी 16 मई को तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उपजिलाधिकारी सदर मुक्ता मिश्रा ने बताया कि 16 मई को तहसील पौड़ी में तहसील दिवस जिलाधिकारी गढ़वाल की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने सभी विभागों को पूर्ण तैयारी के साथ तहसील दिवस में प्रतिभाग करने को कहा है।

# डाकघर को हटाने का नोटिस देने पर भड़के क्षेत्रवासी

**कोटद्वार** : पदमपुर सुखरौ स्थित पंचायत घर में संचालित हो रहे डाकघर को नगर निगम की ओर से खाली करने का नोटिस देने पर क्षेत्रवासियों ने रोष व्यक्त किया है।

इस संबध में क्षेत्रवासियों ने पूर्व प्रधान सीपी नैथानी के नेतृत्व में मेयर हेमलता नेगी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में उक्त डाकघर किराये के भवन पर अल्प सुविधाओं के साथ संचालित हो रहा था। वर्ष 2014 में ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर सीपी नैथानी ने उक्त डाकघर को समुचित सुविधाओं के साथ पंचायत भवन में स्थापित किया। वहां से निगम को तीन हजार रुपये मासिक किराया मिल रहा है। कहा कि ज्ञात हुआ है कि निगम की बोर्ड बैठक में उक्त पंचायत घर में संचालित डाकघर को खाली कराने का प्रस्ताव पास हुआ है। तत्पश्चात ही डाकघर को खाली करने का नोटिस दिया गया है, जो अव्यवहारिक है। केवल इसी पंचायत घर के लिए प्रस्ताव पास करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि नगर निगम बनने के बाद से पूरे नगर निगम क्षेत्र के पंचायत भवन सूने पड़े हुए हैं। यहां पर चल रहे डाकघर से लालपुर, ध्रुवपुर, पदमपुर व सिमलचौड़ की जनता को लाभ पहुंच रहा था, लेकिन अब उक्त डाकघर को भी शिफ्ट करने का नोटिस जारी कर दिया गया है, जो किसी भी तरह से जनहित में नहीं है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर डाकघर कार्यालय को बिना किसी समुचित कारण के खाली कराया गया तो जन सहयोग से नगर निगम का घेराव किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जीत सिंह रावत, चंद्रमोहन काला, दामोदर प्रसाद, सतपाल सिंह, एसएस रावत, गोकुल सिंह, भगत सिंह, विनय भारद्वाज, संदीप जखवाल, नितिन नेगी, अजय कोटनाला और गंभीर सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# महिलाओं ने निजी स्कूलों के खिलाफ किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : रि–एडमिशन वापस करने, मेंटिनेंस के नाम पर आर्थिक शोषण न करने और शिक्षक–शिक्षिकाओं को उचित मानदेय देने की मांग को लेकर महिलाओं ने निजी स्कूलों के खिलाफ आक्रोश जताया। उन्होंने रि-एडमिशन सहित अन्य शुल्क वापस करने की मांग की है।

गुरुवार को गांधी चौक में जाग उठा पहाड़ के बैनर तले महिलाओं ने निजी स्कूलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि जनपद में शिक्षा दिन–प्रतिदिन महंगी होती जा रही है जिसमें स्कूल संचालकों की मनमानी फीस का काफी योगदान है। शिक्षा के लिए दूर–दराज से ग्रामीण जनपद में पहुंच रहे हैं और पहले दिन ही एडमिशन के नाम पर शोषण किया जा रहा है। निजी स्कूलों ने पहले कुछ किताबें मंगवाई जो काफी महंगी थी अब क्लासटीचर कक्षाओं में बच्चों के बैग चेक कर रहे हैं कहीं बच्चे वह किताब तो नहीं लेकर आए हैं।

## गैंगस्टर एक्ट में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार दो आरोपियों को हल्द्वानी से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक सीमांत में कुछ लोग गिरोह बनाकर असंवैधानिक तरीके से शेयर मार्केट में पैसा लगाकर अधिक मुनाफा अर्जित करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। एसपी लोकेश्वर के निर्देश पर पुलिस ने ऐसे 17 लोगों के खिलाफ धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। बीते रोज गैगस्टर एक्ट के दो आरोपी खड़कोट व मूल झरीखुर्द झारखंड निवासी पंकज शर्मा और आठगांवशिलिंग के कमलेश वल्दिया को पुलिस ने हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से पकड़ा। एक अन्य आरोपी भुवन जोशी ने हाईकोट में आत्मसमर्पण किया है।



## विधायक ने किया मोबाइल सीएससी का उद्घाटन

रुद्रपुर : विधायक अरविंद पांडे ने गूलरभोज आवास स्थित कैंप कार्यालय में मोबाइल सीएससी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। गुरुवार को सीएससी के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक पांडे ने कहा कि उत्तराखंड सरकार आम जनमानस की सुख–सुविधा के लिए प्रत्यनशील है। मोबाइल सीएससी खुलने से गदरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को अपने कागजात बनवाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सेंटर में ई–रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। (एजेंसी)

# पूर्व विधायक ठुकराल ने किया छात्रा अंशिका को सम्मानित



रुद्रपुर : वार्ड नंबर–23 आदर्श कॉलोनी घास मंडी निवासी वीके शर्मा की पुत्री अंशिका शर्मा ने तीन पदक जीतकर रुद्रपुर का नाम रोशन किया है। अंशिका के रुद्रपुर पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शॉल ओढ़ाकर छात्रा को सम्मानित किया। बीते दिनों मध्य प्रदेश के देवास में आयोजित नेशनल गेम्स जूजित्सु प्रतियोगिता में अंशिका ने दो रजत पदक व एक कांस्य पदक प्राप्त किया। जीत के बाद गुरुवार को अंशिका रुद्रपुर अपने घर पहुंची। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य, पूर्व पार्षद गौरव खुराना, कमल राणा, विनोद कुमार शर्मा, मुस्कान शर्मा, आकांक्षा शर्मा, मोंटी खेड़ा, आदित्य आर्य, रोहित, दीपक, विक्रम सिंह, बंटी कोली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## आज डीएसओ से वार्ता करेगें सस्ता गल्ला विक्रेता

अल्मोड़ा : जिलेभर में सस्ता गल्ला विक्रेताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। गुरुवार को पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लंबित बिलों के भुगतान समेत अन्य मांगों के निराकरण को जिला पूर्ति अधिकारी से शुक्रवार को वार्ता का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि वार्ता के बाद आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी। नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष संजय साह रिक्खू ने कहा कि मांगों के निराकरण को सस्ता गल्ला विक्रेताओं की हड़ताल को 11 दिन पूरे हो गये हैं। लेकिन अभी तक उनकी मांगों पर शासन–प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार यानि आज मांगों के निराकरण को समिति से जुड़े पदाधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में दिनेश गोयल, विपिन चंद्र तिवारी, अभय साह, दीपक साह, दिनेश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# ग्रामीणों ने विस्थापन और मुआवजे की मांग की



पिथौरागढ़ : विमान सेवा में बाधक बने भवनों को ध्वस्त करने की कार्रवाई से नैनीसैनी के लोगों में दशहत बनी हुई है। मुआवजे और विस्थापन सहित अन्य समस्याएं ग्रामीणों ने विधायक मयूख महर के समक्ष रखीं। इस दौरान उन्होंने प्रशासन से एक-एक परिवार को परेशान न कर सभी ग्रामीणों के विस्थापन और मुआवजे की मांग की।

गुरुवार को नैनीसैनी के ग्रामीणों ने विधायक महर से मुलाकात की। उन्होंने प्रशासन के 48 घंटे के नोटिस देने के बाद भवन ध्वस्त करने की कार्रवाई को लेकर असंतोष जताया है। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय लोगों से वार्ता और राय न लेकर बिचौलियों से मध्यस्ता करवाई जा रही है। किराएदार से भी कमरा खाली कराने पर काफी समय दिया जाता है। लेकिन प्रशासन ने 48 घंटे का नोटिस देकर भवनों को तोड़ने की कार्रवाई की। एक–एक परिवार को चिह्नित कर भवन तोड़ने का नोटिस दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा चलता रहा तो उनका रहना गांव में मुश्किल हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने सभी परिवारों के विस्थापन और उचित मुआवजे की मांग की। यहां सुंदर लोहिया, गोविंद सौन, गोविंद महर, विक्रम महर, पुष्कर भंडारी, अमर सिंह, अशोक सिंह, नैन सिंह, अर्जुन सिंह, सुंदर प्रसाद रहे। (एजेंसी)

## एक नजर

### शमशान घाट में गंदगी से लोगों में आक्रोश

चम्पावत। ऋषेश्वर स्थित श्मशान घाट में गंदगी से लोगों में आक्रोश है। सरकार के स्वच्छ भारत अभियान की भी यहां पोल खुल रही है। लोगों ने प्रशासन से प्रत्येक सप्ताह श्मशान घाट में विशेष अभियान चलाकर गंदगी की सफाई करने की मांग की है। ऋषेश्वर श्मशान घाट में नगर सहित कई गांवों से लोग शवों को अंतिम संस्कार के लिए यहां लाते हैं। गुरुवार को नगर पालिका सभासद राजकिशोर साह, पूर्व सभासद बल्लू माहरा, ग्राम प्रधान जितेंद्र राय, भाष्कर राय, मनोज कापड़ी ने कहा कई बार स्थानीय प्रशासन से घाट पर फैली गंदगी की सफाई की मांग की लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कहा श्मशान घाट में समय–समय पर विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाकर नदी में फैली गंदगी का निस्तारण किया जाता है। श्मशान घाट में गंदगी न करने को लेकर एक बोर्ड भी लगाया गया है। (एजेंसी)

### किसानों ने की उचित क्लेम देने की मांग उठाई

चम्पावत : पाटी के किसानों ने फसल बीमा का उचित क्लेम देने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने डीएम के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। प्रीमियम राशि से कम क्लेम मिलने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। गुरुवार को किसानों ने कहा कि उन्होंने मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत गेहूं व अदरक का बीमा कराया था। लोन लेने वाले हर काश्तकार ने पांच फीसदी की दर से प्रीमियम जमा किया। बीते वर्ष अदरक व गेहूं की फसल को सूखे की वजह से नुकसान हुआ। लेकिन अब कंपनी को प्रीमियम राशि से भी कम क्लेम मिल रहा है। जबकि अन्य ब्लॉकों में इसी फसल का क्लेम 40 से 60 फीसदी तक दिया जा रहा है। इससे पाटी ब्लॉक के काश्तकार खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। यहां प्रधान हेम शर्मा, माधवानंद, ललित मोहन, सुरेश चंद्र, देव सिंह मौनी, पीतांबर गहतोड़ी, डुंगर नाथ, शिवराज सिंह मेहता, जगदीश चंद्र भट्ट, खीमानंद जोशी, गौरी शंकर, मनोज जोशी रहे। (एजेंसी)

### अब तक 1.70 लाख घन मीटर खनन की निकासी हुई

चम्पावत : शारदा खनन क्षेत्र में 1.82 के सापेक्ष 1.70 लाख घन मीटर की निकासी हो गई है। सरकार को खनन निकासी से वर्तमान तक 5.48 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। निकासी लक्ष्य पूरा होते ही खनन निकासी कार्य बंद हो जाएगा। डाउन स्ट्रीम में इस वर्ष फरवरी माह से खनन निकासी कार्य शुरू हुआ था। गुरुवार को शक्तिमान यूनियन के अध्यक्ष अमन ठाकुर ने कहा खनन निकासी का लक्ष्य पूरा होने से पहले ही निकासी लक्ष्य को बढ़ाने के लिए सर्वे कराने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पहले ही खनन निकासी कार्य में देरी हुई है। जिस कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। (एजेंसी)

### बीजेपी जिला कार्यालय का भूमि पूजन 15 मई को

काशीपुर। बाजपुर रोड पर गौतमी हाइड्स के पास प्रस्तावित भाजपा जिला मुख्यालय का भूमि पूजन आगामी 15 मई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। गुरुवार को जिला प्रभारी भाजपा सुरेश भट्ट ने पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के साथ भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां भी दी गईं। विदित हो कि भाजपा राज्य के प्रत्येक जिले में कार्यालयों का निर्माण कर रही है। काशीपुर में करीब बीघा भर भूमि पर यह कार्यालय बनाया जा रहा है। इस हाईटेक कार्यालय में मीटिंग हाल, आईटी रूम के साथ ही अन्य सुविधाएं भी होंगी। इसी वर्ष दिसंबर तक यह बनकर तैयार होने की उम्मीद है। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि आगामी 15 मई को भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। (एजेंसी)

### दो व्यक्ति एटीएम छीनकर फरार, एक लाख निकाले

काशीपुर : दो व्यक्ति एटीएम से रकम निकालने आए युवक के हाथ से कार्ड छीनकर फरार हो गए। इसके बाद उसके बैंक खाते से एक लाख रुपये की रकम निकल गई। घटना के एक माह बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में कचनालगाजी कुमाऊं कालोनी निवासी हंसादत्त ने कहा है कि 13 अप्रैल 2023 को शाम छह बजे उसने अपने पुत्र मोहित चंद्र को पीएनबी के एटीएम से रुपये निकालने भेजा। वह रामनगर रोड स्थित जीना जमाटो के पास लगे पीएनबी के एटीएम पर पहुंचा। वहां पहले से मौजूद दो लोगों ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए उससे एटीएम छीन लिया और बाइक से फरार हो गए। कुछ ही देर में उसके खाते से एक लाख रुपये की रकम निकल गई। उसने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने साइबर सेल से प्रकरण की जांच कराई। गुरुवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

# कैबिनेट मंत्री के बयान पर भड़के कर्मचारी



पिथौरागढ़ : उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन ने कर्मचारियों की तुलना गधे से करने पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में कर्मचारियों का अहम योगदान है, अगर कर्मचारियों ने बलिदान नहीं दिया होता तो आज न वो विधायक होते न मंत्री।

गुरुवार को मंडल महामंत्री सौरभ चंद और जिला महामंत्री विजेंद्र लुंठी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने गलत बयानबाजी करने पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि राज्य गठन के समय अपनी अहम भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आज जिस तरह की बयानबाजी की जा रही है, वह गलत है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में जब लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था, तब कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर सभी कामकाज निपटाए थे। विकास कार्यों का खाका भी कर्मचारियों द्वारा ही तैयार किया जाता है। कर्मचारियों की तुलना गधे से कर उनका मनोबल तोड़ने का काम किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में राजेंद्र राणा, नवीन पाठक, कैलाश पांडे, धीरेंद्र भंडारी, विक्रम नेगी, प्रेमा पोखरिया, जयंत भट्ट, त्रिभुवन खोलिया, कमलेश, पुष्पा तिवारी, धीरेंद्र, मनोज पटियाल, रोहित उप्रेती, मुकेश उपाध्याय, नारायण बिष्ट, अर्जुन चिराल, प्रह्लाद बिष्ट, कवींद्र सिंह शामिल रहे। (एजेंसी)

## कांग्रेसियों ने भाजपा सांसद की गिरफ्तारी को लेकर किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोमेश्वर के कार्यकर्ताओं ने जंतर–मंतर में चल रहे पहलवानों के आंदोलन के समर्थन में बाजार में विरोध प्रदर्शन कर सभा की। जिसमें पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। गुरुवार को सोमेश्वर के मुख्य चौराहे में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद टम्टा ने कहा कि देश की ओलंपिक मेडल विजेता और पहलवान बेटियां पिछले 18 दिनों से देश की राजधानी में धरने पर बैठी हैं। देश के लिए मेडल जीतने वाली इन बेटियों ने भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। मेडल जीतने पर जिन बेटियों का अभिवादन प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों ने किया, आज उन बेटियों ने सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली पुलिस को एफआईआर सौंपी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा और प्रधानमंत्री बेटियों के साथ खड़ा होने के बजाय आरोपी बृजभूषण के साथ खड़े हैं। उसे बचाने के लिए भाजपा सरकार पूरी ताकत लगाए हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि बेटियों को न्याय दिलाने के लिए आज का दिन काला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हैं। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुंदन भंडारी ने की। इस मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष भुवन दोसाद, लक्ष्मण सिंह मेहरा, बलवंत सिंह जीना, शंकर सिंह जलाल, राजू आर्या, अरविंद गिरी, राजेश गिरी, प्रकाश खाती, हरीश आगरी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## डीएम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

बागेश्वर : जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने गुरुवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं को जांचा। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। अल्ट्रासाउंड कक्ष के अलावा अन्य कक्षों को भी देखा। सीएमएस डॉ. विनोद टम्टा ने विस्तार से जानकारी दी। (एजेंसी)

# सीएम ने किया कवयित्री जोशी के काव्य संग्रह का विमोचन



रुद्रपुर : खटीमा की उभरती कवयित्री हेमा जोशी के कविता संग्रह जिंदगी खूबसूरत है का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में विमोचन किया। सीएम कैंप कार्यालय में 10 मई को हुए पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम से लौटी खेतलसंडा खाम निवासी हेमा जोशी ने बताया कि स्वच्छंद विचारधारा से परिपूर्ण यह उनका प्रथम काव्य संग्रह है।

यह प्रत्येक स्त्री के लिए प्रेरणादायक है। 82 रचनाओं का यह काव्य संग्रह सामान्य व्यक्ति के दैनिक जीवन के अनुभवों पर आधारित है। इससे पहले पुस्तक के लिए हेमा जोशी को जयपुर में सम्पर्क साहित्य संस्थान में सम्मानित किया जा चुका है। विमोचन अवसर पर देहरादून में वरुण अग्रवाल, हिमांशु बिष्ट, एडवोकेट हेमा परिहार, एडवोकेट राकेश बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## निजी स्कूलों के खिलाफ अभिभावक–जनप्रतिनिधियों ने दिया धरना



रुद्रपुर : निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रथम चरण में जनप्रतिनिधियों ने तहसील परिसर के सामने सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने अभिभावकों के साथ–साथ इन विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षक–शिक्षिकाओं के शोषण का मामला उठाया। भाजपा नेता भुवन जोशी व किशोर जोशी के नेतृत्व में अभिभावकों व विभिन्न संगठनों के लोग तहसील परिसर के बाहर धरने पर बैठे। अभिभावकों ने कहा कि वे एक माह से निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ बोल रहे हैं, लेकिन शासन–प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थिति यह है कि अभिभावकों को अब डराया–धमकाया जा रहा है। अभिभावकों ने निजी विद्यालयों में महंगे प्रकाशकों की पुस्तकें जबरन थोपने, डेवलपमेंट चार्ज के नाम पर वसूली, निजी विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षक–शिक्षिकाओं को नियमानुसार वेतन नहीं देने के आरोप लगाए। धरना देने वालो में विमला बिष्ट, हरेंद्र राणा, आनंद सिंह, दिनेश वर्मा, मनोज चंद, विकास वर्मा, दीपक, विनीता, राजवती सहित कई लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विभाग कार्य योजना तुरंत जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं

बागेश्वर : मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल ने समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने–अपने संसाधनों को चुस्त–दुरस्त रखें। आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग अपनी कार्य योजना तुरंत जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा तहसील, थानों, स्तर पर उपलब्ध आपदा उपकरणों की जांच कर लें। यथाशीघ्र कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी देना सुनिश्चित करें। एडीएम ने कहा कि मानसून से पूर्व आपदा संभावित व दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडारण करने के साथ ही दवाइयां, गैस, डीजल व पेट्रोल का भंडारण करें। उन्होंने कहा वर्षाकाल में सड़क, विद्युत, पेयजल वाधित होने पर रिस्पोंस टाइम कम से कम लगे, तांकि यात्रियों व जनता का आनाश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़ें। उन्होंने सड़क महकमे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मानसून काल में बंद होने वाली सड़कों को चिह्नत करें व उन्हें खोलकर यातायात सूचारू करने हेतु जेसीबी की निविदाएं भी से कर लें। उनकी सूचना आपदा कंट्रोल रूम को भी देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपदा संभावित क्षेत्रों के सड़क मार्ग बंद होने पर यातायात सूचारू करने रखने हेतु वैकल्पिक सडक मार्गों व पैदल मार्गों का भी चिह्नीकरण करें।

# मंत्री गणेश जोशी ने स्कूली बच्चों की श्री अन्न महोत्सव की प्रचार–प्रसार और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को पवेलियन ग्राउंड में कृषि विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के उपलक्ष्य में 13 से 16 मई तक आयोजित श्री अन्न महोत्सव के प्रचार–प्रसार और जागरूकता के लिए स्कूली छात्र–छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में दून के 21 विद्यालयों के दो हजार से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

जागरूकता रैली पवेलियन ग्राउंड से घंटाघर होते हुए वापस पवेलियन ग्राउंड में संपन्न हुई। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने छात्र छात्राओं को मिलेट्स के फायदों की जानकारी दी। सर्वे ऑफ इंडिया हाथीबड़कला में 13 मई से शुरू हो रहे उत्तराखंड श्री अन्न महोत्सव 2023 का शुभारंभ केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी करेंगे। जिसमें अन्य राज्यों के कृषि मंत्री, होटल व्यवसायी, कृषि वैज्ञानिक, किसान, उद्योग जगत के लोग मौजूद रहेंगे। गणेश जोशी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है।

राज्य सरकार मिलेट को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठा रही है। इस वित्तीय वर्ष में मिलेट्स के लिए 73 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है। सरकार चाहती है कि मिलेट्स का किसान अधिक से अधिक उत्पादन करें। मिलेट के प्रचार प्रसार के लिए मिलेट्स भोज कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री अन्न महोत्सव में राज्य में श्री अन्न के अधिक उत्पादन और उसके विपणन पर चर्चा होगी। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, कृषि निदेशक गौरी शंकर, अपर निदेशक केसी पाठक, संयुक्त कृषि निदेशक दिनेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को हाथीबड़कला सर्वे स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के मौके पर 13 से 16 मई तक आयोजित होने वाले उत्तराखंड श्री अन्न महोत्सव की तैयारियो का निरीक्षण किया।

## भाषण प्रतियोगिता में मानसी नेगी ने मारी बाजी

चमोली : राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी दिवस पर विज्ञान के शिक्षकों और छात्रों ने कहा कि तकनीकी शिक्षा आज की दुनिया में जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। पीस पब्लिक स्कूल में विज्ञान शिक्षक ने कहा कि तकनीकी आज हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। तकनीकी ने हर काम को आसान बना दिया है। राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी दिवस पर शिक्षक एसएस बिष्ट ने भारत में किए गए परमाण परीक्षणों के बारे में बताया। कहा कि तभी से भारत को शक्तिशाली देश की श्रेणी में गिना जाने लगा। विज्ञान शिक्षक संतोष बिष्ट ने कहा कि आज तकनीकी ने हमारे काम को काफी आसान कर दिया है। मौके पर प्रधानाचार्य विमल सिंह राणा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में 10वीं की मानसी नेगी प्रथम, 11वीं की जाह्नवी किमोठी द्वितीय और नवीं कक्षा की नैना रावत, 10वीं की रिशिता व ईशान नेगी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

# 19 मई को युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगी प्रतियोगिताएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में नेहरू युवा केंद्र की बैठक आयोजित की गई। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आगामी 19 मई को युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में मोबाइल फोटोग्राफी, कविता लेखन, पेंटिंग, सांस्कृतिक प्रोग्राम एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने नेहरू युवा केंद्र अधिकारी को निर्देशित किया कि युवा महोत्सव को बेहतर तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। कहा कि ड्रग्स (नशीले पदार्थ) को लेकर भी कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे लोग जागरूक हो सकेंगे। उन्होंने क्षेत्रीय प्रचार विभाग को निर्देश दिए कि युवा महोत्सव कार्यक्रम के दिवस पर आजादी के गुमनाम नायकों की प्रदर्शनी लगावाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग युवा महोत्सव कार्यक्रम में अपने-अपने विभागों के स्टॉल लगाएं। नेहरू युवा केंद्र अधिकारी शैलेश भट्ट ने बताया कि युवा महोत्सव कार्यक्रम में मोबाइल फोटोग्राफी, कविता लेखन, पेंटिंग, सांस्कृतिक प्रोग्राम व भाषण प्रतियोगिता आगामी 19 मई को जनपद स्तर पर आयोजित की जाएगी। कहा कि जनपद स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं का राज्य स्तर के लिए चयन किया जाएगा राज्य स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुशवाहा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गौरव, डॉ. सौरभ, युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत सहित केसर असवाल, अंजना बिष्ट व अन्य उपस्थित थे।

## आज सेवायोजन कार्यालय में लगेगा भर्ती शिविर

नई टिहरी : जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी जनपद में बीती 6 मई से जनपद के समस्त सभी ब्लाकों में 450 सुरक्षा जवानों एवं 50 सुपरवाइजरों की भर्ती शुरूकी गई है। 12 मई को जिला मुख्यालय पर लगाया जायेगा भर्ती शिविर। सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि एसआई इण्डिया लिमिटेड कम्पनी द्वारा जनपद में 12 मई को जिला सेवायोजन कार्यालय नई टिहरी, 15 मई को देवप्रयाग, 16 मई को कीर्तिनगर, 17 मई को जौनपुर व 18 मई को प्रतापनगर के विकासखण्ड मुख्यालय में भर्ती शिविर आयोजित किया जायेगा। उन्होंने जनपद के बेरोजगार युवको से भर्ती शिविर में भतिभाग करने की अपील कर कहा कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर शविर का लाभ उठायें।

# गौचर में हाईटेक शौचालय का कांग्रेसियों ने किया विरोध

चमोली : चार धाम यात्रा और नगरों में यात्री सुविधाओं की दृष्टि से बन रहे हाईटेक शौचालय का विरोध गौचर में कांगेसियों ने किया है। गौचर के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है कि पालिका पार्किंग में शौचालय का निर्माण करा रही है। जिससे नगर की वाहन पार्किंग व्यवस्था लड़खड़ा जाएगी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुनील पंवार ने बताया कि होटल ताज पैलेस के सामने पालिका पार्किंग में पालिका हाईटेक शौचालय का निर्माण कर रही है। बताया कि पालिका ने वर्ष 2004-05 में पर्यटन विभाग द्वारा अवस्थापना के अन्तर्गत वाहन पार्किंग के लिए स्वीकृत किया गया था। परन्तु पालिका द्वारा सारे कायदे–कानूनों को और जन भावनाओं को ताक पर रख कर जबरन उक्त कार्य करवाया जा रहा है। कहा कि चारधाम यात्रा का मुख्य मार्ग होने और गौचर में प्रदेश स्तरीय राजकीय गौचर मेला होने के चलते यहां पहले से वाहन पार्किंग की दिक्कत है। ऐसे में यहां पार्किंग को खत्म कर शौचालय का निर्माण करना दुर्भाग्य पूर्ण है। गुरुवार को कांग्रेसियों ने नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि पालिका द्वारा दो दिनों की भीतर उक्त कार्य स्थगित नहीं करवाया गया तो पालिका कार्यालय पर तालाबन्दी के साथ–साथ बड़ा जन आन्दोलन किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मुकेश नेगी, नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गौचर सुनील पंवार, महामंत्री नगर कांग्रेस मनोज नेगी, नगर महामंत्री महावीर नेगी, जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी चमोली, हरीश नयाल, प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड सुनील शाह, पंकज नेगी आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## सीडीओ ने गेहूं की फसल काटी

चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने विकासखंड दशोली के ग्राम हरमनी में गेहूं की क्रॉप कटिंग की। काश्तकार धर्मेंद्र सिंह के खेत में 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर गेहूं की क्रॉप कटिंग की गई। सीडीओ ने बताया कि क्रॉप कटिंग से क्षेत्र में गेहूं की उपज कितनी हुई है इसका पता चल पाएगा। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रहे मनरेगा और राज्य वित्त के कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी, ग्राम विकास अधिकारी आशीष पंत, नीज, दल्ली लाल, मनोज राणा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# विधायक ने मानसखंड झांकी को दिखाई हरी झंडी

नई टिहरी। गणतंत्र दिवस पर प्रथम स्थान पाने वाली उत्तराखण्ड राज्य की झांकी मानसखण्ड को टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला मुख्यालय पर लोगों ने पूरे उत्साह से झांकी के दीदार किये। इस मौके पर मानसखंड झांकी को विधायक किशोर ने उत्तराखंड के गौरव की झलक बताया। जिला मुख्यालय पहुंची मानसखंड झांकी को हनुमान चौक से विधायक किशोर ने हरी झण्डी दिखाने के बाद कहा कि आगामी 13 मई तक झांकी का प्रदर्शन जनपद के विभिन्न मुख्य स्थलों पर किया जायेगा। ताकि लोग उत्तराखंड के गौरव के प्रतीक मानसखंड झांकी के दर्शन कर सकें। जिला मुख्यायल पर भी लोगों ने झांकी को देखने के लिए उत्साह दिखाया है, जो एक अच्छा संदेश है।

कहा कि विश्व कल्याण की भावना से मानसखण्ड को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने को झांकी की परिकल्पना करने एवं मानसखण्ड झांकी के प्रथम आने उत्तराखंड के लिए बेहतर अवसर है। पुराणों में वर्णित केदारखण्ड एवं मानसखण्ड का जिक्रकरते हुए कहा कि यह देवों की भूमि है और हमने इस भूमि पर जन्म लिया, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। विधायक ने उत्तराखंड में पीएम मोदी के निर्देशन में सीएम धामी के विकासकामों की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तराखंड हर पल हर कदम आगे बढ़ रहा है। आने वाला तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत झांकी को कीर्तिनगर, देवप्रयाग, जाखणीधार, थौलधार, टिहरी, चम्बा, जौनपुर में प्रदर्शित किया जायेगा। झांकी को प्रदर्शित करने का उद्देश्य लोगों को वन, वन्यजीव, पर्यावरण, प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने उत्तराखण्ड के इतिहास और संस्कृति से अवगत कराना है। (एजेंसी)

# टिहरी जिले में 13 मई को लगेंगी लोक अदालतें

नई टिहरी। आगामी 13 मई जनपद टिहरी गढ़वाल के जिला स्तरीय व वाहय तहसील स्तरीय न्यायलयों में राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रकृति के वादों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए व्यक्ति स्वयं व वकील के माध्यम से आगामी 12 मई तक किसी भी कार्य दिवस में सम्बंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र दे सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशन में लोक अदालत में फौजदारी के शमनीय मामले, एनआई एक्त चैक बाउंस मामले, धनवसूली से सम्बंधित मामले, मोटर श्रमिक प्रतिकर वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रमिक–रोजगार विवाद मामले, विद्युत–जल व अन्य बिलों के मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, भूमि अर्जन के मामले, वेतन–भत्तों एवं सेवानिवृत के लाभों से सम्बंधित मामले, राजस्व वाद, अन्य दीवानी व ऐसे मामले जो सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जा सकें, को लेकर आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत लगने के अवसर का लाभ आम लोग ले सकते हैं। जिसके लिए सम्बंधित न्यायलयों में संपर्क करने के साथ ही टोल फ्री नंबर 1800180400 पर भी संपर्क कर सकते हैं। (एजेंसी)

# जनता दरवार में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य की समस्याएं उठाई

चमोली : पोखरी के मजयाणी में गुरुवार को उपजिलाधिकारी संतोष कुमार पांडे की अध्यक्षता में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने जनता दरवार में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य की समस्याएं उठाई।

ग्रामीणों ने पोखरी के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी होने की बात कही। कहा कि इस ओर प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। मजयाणी गांव के ग्रामीणों ने पैडुला तोक में बिजली और पानी की समस्या उठाई। कहा गया कि पेयजल योजना की व्यवस्था न होने से ग्रामीण मीलों दूर प्राकृतिक पेयजल स्रोत से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। गांव में लो वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है। पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित उडामांडा–चौंडी–रौता मोटर मार्ग की बदहाल स्थिति को सुधारने की मांग भी उठी।

चौंडी गांव के ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने के लिए भवन नहीं है। चौंडी–मजयाणी सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरु करने की मांग भी उठाई गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान रौता वीरेंद्र सिंह राणा, मजयाणी के प्रधान राकेश सिंह, रमेश चौधरी, केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर नेगी, जल संस्थान के सहायक अभियंता जगदीश पंवार, थानाध्यक्ष राजेश सिंह, एसआई शिव दत्त जमलोकी, नायब तहसीलदार हरीश चंद्र पांडे, राजस्व निरीक्षक विजयपाल सिंह गुसांई, राजस्व उपनिरीक्षक मनोज आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## वृद्ध ने नदी में मारी छलांग, खोजबीन जारी

चमोली : गुरुवार सुबह अलकनंदा और पिंडर नदी के संगम पर एक वृद्ध द्वारा नदी में छलांग मारे जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पुलिस द्वारा नदी में खोजबीन शुरू की लेकिन वृद्ध का कहीं पता नहीं चल पाया है। वृद्ध की पहचान 80 वर्षीय जमुना प्रसाद के रूप में हुई है। हालांकि वृद्ध के कुछ परिजन नदी में पैर फिसलने की संभावना भी जता रहे हैं। इधर प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन राणा ने बताया कि लापता वृद्ध की खोजबीन जारी है। (एजेंसी)

# आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

विकासनगर। वन विभाग की 43 घंटे की कड़ी मशक्कत आखिरकार रंग ला ही गयी। सहसपुर क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार गुरुवार तड़के वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के आंतक से पिछले आठ माह से सहसपुर क्षेत्र के लोगों की नींद उड़ी हुई थी। महमूदनगर शंकरपुर में बच्चे को निवाला बनाने के बाद कर्फ्यू जैसे हालत में जी रहे शंकरपुर के लोग भी अब आजाद हो गये हैं। वन विभाग का कहना है गुलदार को पकड़ने के बाद विशेषज्ञों की टीम गुलदार के व्यवहार का अध्ययन करने में जुट गयी है। उसके बाद ही गुलदार के भविष्य को लेकर निर्णय लिया जाएगा। गुरुवार की सुबह चार बजे जैसे ही गुलदार शंकरपुर गांव में घटनास्थल के समीप लगे पिंजरे में कैद हुआ, ग्रामीणों के साथ वन विभाग के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग पिंजरे में कैद आतंक का



पर्याय बने गुलदार को देखने पहुंच गये। जहां सभी एक दूसरे को बधाई देने के साथ ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का शुक्रिया अदा करते नहीं थक रहे थे। दरअसल, गुलदार आठ माह पहले गुलदार को मानसिक अस्पताल के समीप एक इमारत में घूमता हुआ देखा गया था। जिसके बाद गुलदार ने चार कुत्तों को मार डाला। गुलदार लगातार शंकरपुर के अलावा छरबा, रेडापुर व कैंचीवाला में भी चहलकदमी कर रहा था, जिससे लोग गुलदार की दहशत तले जी रहे थे। लेकिन गुलदार की दहशत तब लोगों में पैदा हुई, जब छह मई की शाम करीब साढ़े सात बजे महमूदनगर शंकरपुर गांव में गुलदार ने घर के आंगने में खेल रहे चार वर्षीय एहसान को अपना निवाला बनाया। जिसके बाद से महमूदनगर बस्ती से लेकर पूरे शंकरपुर में गुलदार का कर्फ्यू लग गया था। लोग सूर्यास्त होते ही घर के दरवाजे खिडकी बंद कर घरों में कैद होने को मजबूर थे। रेंज अधिकारी चौहडपुर मुकेश कुमार का कहना है कि गुलदार को सुबह चार बजे पिंजरे में कैद किया गया। गुलदार को वन विभाग अभी अपने संरक्षण में रखे हुए है। विशेषज्ञ व वन विभाग के अधिकारी गुलदार के व्यवहार पर अध्ययन करने में जुटे हैं।

# उक्रांद ने किया सरकार की बुद्धि–शुद्धि के लिए हवन

विकासनगर। उत्तराखंड क्रांति दल कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर जनता की समस्याओं को लेकर संवेदनहीन बने रहने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर सरकार की बुद्धि–शुद्धि के लिए हवन किया। तहसील मुख्यालय पर उक्रांद के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि प्रदेश की जन समस्याओं को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ही संघर्ष कर रहा है। भू–कानून हो, धारा 371, पलायन की समस्या हो, अंकिता भंडारी हत्याकांड हो, उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारियों की समस्याएं हो, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किये गए घोटाले हों, अन्य भर्ती घोटाले हों, सभी मसलों पर उक्रांद ही आवाज उठाता रहा है। जबकि भाजपा, कांग्रेस मौन रहती है। कहा कि सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों का अपमान और अनदेखी की जा रही है। जिस मातृशक्ति के आंदोलन की वजह से अलग उत्तराखंड राज्य की स्थापना हुई सरकार उनका ही अपमान करने पर आमादा है। जिन महिलाओं की उनके पति की मृत्यु के पश्चात पारिवारिक पेंशन शुरू हुई, उनकी आंदोलनकारी पेंशन सरकार ने बंद कर दी है। कहा कि सरकार को जल्द इस सम्मान को वापस लौटना चाहिए।

उक्रांद के केंद्रीय संरक्षक ने चिह्नीकरण से वंचित वास्तविक राज्य आंदोलनकारियों का जल्द चिह्नीकरण किए जाने की मांग प्रदेश सरकार से की। कहा कि इसके लिए सरकार ने वर्ष 2021 में प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए थे, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके साथ ही उन्होंने काबिना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को बर्खास्त करने, अवैध खनन पर रोक लगाने और रामपुर तिराहा कांड केस के गवाहों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग प्रदेश सरकार से ही है। इस दौरान उक्रांद के जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद काला, शैलेश गुलेरी, जयकृष्ण सेमवाल, भूपेंद्र सिंह नेगी, मायाराम ममगाई, पूरण प्रसाद भट्ट, बीना पंवार, दुर्गेश उनियाल, गोविंद बिष्ट, चंदन सिंह सजवाण, विरेंद्र सिंह नेगी, राजेंद्र वशिष्ठ, नरेंद्र कुकरेती, चंद्रशेखर गौड़, सुनीता चमोली, अंजू भट्ट, सावित्री रावत, सुशीला नेगी, सरोज मलासी, महावीर प्रसाद उनियाल, उर्मिला थपलियाल, रामदुलारी कुकरेती, विमला नेगी, उषा नेगी, नंदी देवी, अमजद मिर्जा, मनोरमा डोभाल, मंगत राम भगत, मदन पाल, जावेद खान, दिगंबरी देवी आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 30 यूनिट रक्तदान किया

रुड़की। रुड़की ब्लड बैंक की ओर से आयोजित शिविर में 30 यूनिट रक्तदान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समय–समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। इससे जहां शरीर में नया रक्त बनता है, वहीं इम्युनिटी पावर बढ़ती है। दूसरी ओर हम किसी दूसरे को जीवनदान भी देते हैं। इस मौके पर डॉ. बिलाल रिजवी, प्रियांश सैनी, अमित कुमार, दीक्षित सैनी, आकाश शर्मा, गौरव प्रजापति, जहांगीर, सलमान, आमिर, आजम, राकिब, चांद, गुलशेर आदि मौजूद रहे।

## तमंचे संग फोटो हुआ वायरल, पुलिस ने भेजा जेल

रुड़की। लक्सर के युवक ने शौक में तमंचा हाथ में लेकर फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर लगा दिया। फोटो वायरल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर लिया। युवक को जेल भेज दिया गया है। पिछले हफ्ते तमंचा हाथ में लिए एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। यह फोटो लक्सर पुलिस तक भी पहुंच गया। कोतवाल अमरजीत सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए अज्ञात युवक के खिलाफ तत्काल शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही भिक्कमपुर चौकी प्रभारी अशोक रावत, सिपाही दीपक ममगाईं और जगत सिंह की टीम को आरोपी की शिनाख्त का जिम्मा सौंपा।

# ई रिक्शा चालकों ने कोतवाली का घेराव किया

विकासनगर। बीते चार दिनों से विकासनगर के मुख्य मार्गों पर ई–रिक्शा संचालन बंद किए जाने से नाराज रिक्शा चालकों ने गुरुवार को कोतवाली का घेराव कर रिक्शा संचालन शुरू करने की मांग की है। चालकों ने कहा कि बीते चार दिनों से उनके घर में चूल्हा नहीं जल रहा है।

कोतवाली पहुंचे ई रिक्शा चालकों ने बताया कि यातायात व्यवस्था के नाम पर चार दिन पूर्व पछुवादून में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ई–रिक्शा संचालन बंद कर दिया था। हरबर्टपुर चौक से विकासनगर मुख्य बाजार, डाकपत्थर तिराहा से डाकपत्थर बाजार, बैराज और कालसी तक ई रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध लगने से पछुवादून के तीन हजार ई–रिक्शा संचालक बेरोजगार हो गए हैं। कहा कि यातायात व्यवस्था के नाम पर ई रिक्शा चालकों को ही परेशान किया जाता है, जबकि बड़े वाहन चालकों को छोड़ दिया जाता है। बताया कि यूटिलिटी वाहन दिन भर बाजार में आड़े–तिरछे खड़े रहते हैं, इसके साथ ही एनएच के दोनों किनारों व्यापारियों के वाहन खड़े रहते हैं।

कहा कि यहीं सब वाहन बाजार में जाम का कारण बनते हैं। ई–रिक्शा बाजार में सिर्फ सवारी उतारने और बिठाने के लिए ही रुकते हैं। बावजूद इसके प्रशासन ने एकतरफा फरमान जारी कर ई रिक्शा चालकों को बेरोजगार कर दिया है। चार दिनों से ई–रिक्शा के पहिए जाम होने से उनके घरों में चूल्हा तक नहीं जल रहा है। अब उनके सामने परिवार समेत सड़क पर रहने की नौबत आ गई है। ई–रिक्शा चालकों की परेशानी को देखते हुए मुख्य मार्गों पर ई–रिक्शा का संचालन शुरू कराया जाए। घेराव करने वालों में सुमित नेगी, बिलाल, सोनू, रईस, कमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## बिजली चोरी में सात पर केस दर्ज

रुड़की। ऊर्जा निगम ने बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता दिनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना क्षेत्र के गांव फकरेड़ी में गांव निवासी संदीप, त्रिलोक, सुदेश, शहीद, राजवीर, रणवीर, अतर कली लाइन पर कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। सभी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया और उनके विद्युत केबिल जप्त कर लिए गए।

## मनरेगा योजना में घपले की शिकायत की

रुड़की। खानपुर ब्लॉक के चंद्रपुरी खादर गांव निवासी संदीप ने आरोप लगाया कि गांव में मनरेगा योजना कई काम कराने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायत को बजट दिया है। परंतु योजना में मजदूरी के लिए कई ग्रामीणों के नाम से फर्जी जॉब कार्ड बनाए गए हैं। नाबालिग बच्चों और स्कूल जाने वाले छात्रों के नाम से भी फर्जी जॉब कार्ड बने हैं। इन जॉब कार्ड के माध्यम से सरकारी योजनाओं का पैसा निकालकर गबन किया गया है। प्रधान अमर पाल का कहना है कि जॉब कार्ड सही हैं। मजदूरी के पैसों का भुगतान उनके बैंक खातों में भेजा जाता है।

## जेएम की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई

रुड़की। भगवानपुर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा बीते बुधवार को इकबालपुर में धरना प्रदर्शन से वापस लौट रहे थे। इस बीच उनकी गाड़ी पुहाना के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। बीते बुधवार को जेएम आशीष कुमार मिश्रा की गाड़ी पुहाना ओवर ब्रिज पर पहुंची तो सामने रांग साइड से एक बाइक सवार दंपति वाहन के समाने आ गया। उन्हें बचाने के चक्कर में वाहन के चालक ने पावर ब्रेक का इस्तेमाल किया। पीछे से आ रही एक जनप्रतिनिधि की गाड़ी ने जेएम की गाड़ी में टक्कर मार दी।

# सांसी गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार



रुड़की। पुलिस ने सांसी गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नगदी और चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 25 मार्च को हल्लूमाजरा गांव निवासी पहल सिंह की बाइक से दो लाख रुपये नगदी से भरा बैग चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया थी। अपराध करने के तरीके से पुलिस का शक सांसी गैंग पर गया।

बीते बुधवार रात अलावलपुर गांव के समीप पुलिस को दो संदिग्ध युवक खड़े दिखाई दिए। उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन वह खेतों के रास्ते से भागने लगे। कुछ दूरी पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने सांसी गैंग मध्य प्रदेश के सदस्य होने की जानकारी दी। साथ ही, अपना नाम संतोष कुमार उर्फ कालू निवासी गुल्ला खेड़ी तहसील पचोर थाना बाड़ा मध्य प्रदेश और अमित कुमार निवासी लक्ष्मीपुरा थाना छाबड़ा, राजस्थान बताया। उनका एक साथी अभी फरार है।

G20

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रण

[illegible]

| क्र० सं० | निविदा सं० | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि | अनुमानित मूल्य रू. | निविदा खुलने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

नोट :– पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। [illegible]

पत्र सं०– 10 / [illegible] / 2023 दिनांक 11.05.2023 1424/2023

यात्रियों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

### श्रद्धालुओं की संख्या एक चुनौती

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा पर आखिर मौसम की मेहरबानी देखने लगी है। पिछले कुछ दिनों से मौसम लगातार खराब हो रहा था जिस कारण विशेष तौर पर केदारनाथ यात्रा बाधित हो रही थी लेकिन अब मौसम ने करवट बदली है तो केदारनाथ के साथ ही अन्य भागों में भी यात्रियों की संख्या में उनके तौर पर बढ़ोतरी होने लगी है। पहले दिन कपाट खुलने के दिन को छोड़ दिया जाए तो धाम आने वाले यात्रियों की संख्या प्रतिदिन 10 हजार के आसपास रही। यह बेहद उत्साहजनक आंकड़े हैं कि चारों धामों में अब तक 1,50,856 यात्री दर्शन कर चुके हैं, और अभी इनमें बढ़ोतरी की ही प्रबल उम्मीदें हैं। केदारनाथ के लिए अब यात्रियों के जत्था क रवाना किया जाने लगा है जिसके लिए सोनप्रयाग से यात्रियों का स्वास्थ्य एवं पंजीकरण कर उन्हें आगे भेजा जा रहा है। बद्रीनाथ में ही श्रद्धालुओं का आंकड़ा डेढ़ लाख की संख्या को पार कर चुका है हालांकि अभी भी यहां मौसम काफी अच्छा बना हुआ है और कभी भी बर्फबारी और बारिश यात्रा को और अधिक मनमोहन बना देती है। खराब मौसम का असर चारों धाम की यात्रा पर पड़ा है लेकिन इससे यात्रियों के जोश और श्रद्धा में कोई अंतर दिखाओ ऐसा कहीं नजर नहीं आया। यात्रियों के लिए राज्य सरकार ने व्यापक प्रबंध किए हैं लेकिन जिस प्रकार से यात्रियों की संख्या बढ़ रही है उसे देखते हुए एक चिंता यह भी है कि क्या आने वाले दिनों में सरकार की है व्यवस्था है पटरी पर चल पाएंगे? यात्रा की शुरुआत के दौरान कुछ बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मृत्यु की हुई तो वही एक हेलीकॉप्टर हादसे में उत्तराखंड सरकार के एक अधिकारी को हेलीकॉप्टर की चपेट में आने से जान देनी पड़े। इन घटनाओं के बावजूद एक बार फिर हेली टिकट ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है और यात्रियों में केदारनाथ की हवाई यात्रा का जुनून किस प्रकार से है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 17 मई तक केदारनाथ हेली सेवा की बुकिंग फुल हो चुकी है। स्वाभाविक है कि एक बड़े आयोजन के दौरान कुछ दुर्घटनाएं वह ऐसी बातें भी सामने आती हैं जो यात्रा के प्रबंधन ऊपर सवाल खड़ा करती हैं लेकिन व्यवस्थाओं को चलाने के लिए ना केवल प्रशासन पर की यात्रियों को भी कहीं ना कहीं अपना योगदान और सहयोग अवश्य करना चाहिए। खासतौर से सड़क मार्ग पर सुरक्षा एवं धार्मिक स्थलों की की गरिमा व मर्यादा को बनाने के प्रति सजग रहना चाहिए। तीर्थ स्थलों गरिमा को बनाने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने भी काफी व्यापक प्रबंध किए हैं और शराब और नशे का सेवन करने वाले यात्रियों ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्रवाई भी की जा रही है। चार धाम यात्रा का आयोजन विश्व का एक बढ़ावा पवित्र आयोजन है और यह नहीं भूलना चाहिए कि देवताओं के दर्शनों के लिए कुछ नियम कायदे पालन करने होते हैं जिनमें स्वच्छता और सादगी एक बिंदु है। निश्चित है कि इस बार उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में पुराने सभी रिकॉर्ड पीछे छोड़ जाएंगे बिहार राज्य सरकार को वर्तमान मौजूदा प्रबंधन के अलावा भी आने वाले दिनों के लिए नहीं व्यवस्थाओं को लेकर धरातल पर काम करना शुरू कर देना चाहिए।

# हम राक्षस बनेंगे या खत्म होंगे ?

**विकास की इस दिशा से दुनिया में मोटा मोटी लोग या तो लोग अनजान है या इसका मजा लेते हुए है। इंसान की चैतन्यता में यह पुरानी फितरत है जो वह जैविक शरीर की आवश्यकताओं में मशीनें बनाता जा रहा है। वह यह चाहता हुआ रहा है कि दिमाग के बोझ को हल्का, काम को आसान बनाने के लिए मशीनें बनाए। व्यवस्थाएं बनाए। वह सब करे, जिससे मनुष्य जात सामूहिक तौर पर ऑटो मोड में जिंदगी गुजारे। सब आसान होता जाए। पढने़–लिखने, ज्ञान–बुद्धि, सत्य जानने–खोजने के विद्यार्जन की मेहनत नही करने पड़े। वह मशीनों से ताकत पाए और आराम, मौजमस्ती तथा समद्धि से जीवन गुजारे।इस चाहना, भूख और लालसा ने जहां विकास को उत्तरोत्तर बढ़ाया है तो विनाश को भी न्योता है। ज्ञात इतिहास में मनुष्य ने अपनी चेतन अवस्था में भी गुलामी, अत्याचारों वाला जो पशु जीवन जीया है और जितने युद्ध व नरसंहार झेले हैं वे सब विकास के बाई प्रोडक्ट हैं।**

**हरिशंकर व्यास**

यह मानव सभ्यता का इक्कीसवीं सदी का सवाल है। इसलिए क्योंकि मानव चेतना, उसके अक्षरब्रह्म का मशीन हरण करते हुए है। सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धि दोनों इंसान के दिमाग का स्थानापन्न याकि रिप्लेसमेंट है। सोचें, क्या है मनुष्य होने का अर्थ? जानवर से उसकी क्या भिन्नता है? मोटा–मोटी अक्षर, शब्द और भाषा। यदि मनुष्य चेतना, उसकी खोपड़ी अपने शरीर की अनुभूति, सुख–दुख और स्मृतियों को शब्द, भाषा से व्यक्त, जाहिर नहीं कर पाए तो वह जैविक शरीर फिर किस काम का? यदि मनुष्य दिमाग अपनी तह सोचना बंद कर दे। कुंद, मंद, ठूंठ हो जाए और उसकी जगह एक–दूसरे की देखा–देखी व्यवहार में भेड़–बकरी जैसे स्वभावी हो जाए तब वैसा होना क्या मनुष्य का जानवर में कन्वर्जन नहीं होगा? क्या इंसान बिना बुद्धि, दिमाग, चेतना, संवेदनाओं और ज्ञान के मशीनीकृत व्यवहार में ढला हुआ तब नहीं माना जाएगा? सवाल है चेतना के मायने क्या? अपनी राय में वह बोध, वह अक्षरब्रह्म, जो मानव उत्पत्ति और सभ्यता के जन्मदाता है, जिसकी वजह से वह पशु, यांत्रिक और मशीनी नहीं है! यही मानव सभ्यता का सत्व–तत्व। जानवर और मनुष्य में आधारभूत फर्क का बिंदु। इससे मानव मष्तिष्क की तंत्रिकाओं की वह आत्मा, वह कुंडलिनी, वह चैतन्यता है जिसकी तरंगों और ताने–बाने का ऑपरेटिंग सिस्टम शरीर में जब चलता होता है तो अनुभूतियां दिमाग को शब्द बोध से कमांड देती हैं। स्मृतियां एक्टिव होती है और फिर भाषागत कोडिंग से वाणी और वीणा याकि अक्षर, ध्वनि और छवि की झंकार बनती है। वही दिमाग में विचार, चिंतन–मनन और सत्य शोधन व कर्म है!

और इस सबका इक्कीसवीं सदी में मनुष्य द्वारा ही निर्मित कृत्रिम बुद्धि से टेकओवर होना है!

जाहिर है ऐसा हुआ तो मनुष्य दिमाग बेसुध, अचेतन बनेगा।मशीनी कमांड से ऑटो मोड में वह ढलता हुआ हुआ होगा? मनुष्य खत्म और उसकी जगह मशीन मनुष्य को चलाती और कंट्रोल करती हुई।

हां, मनुष्य और मनुष्यता, मानव सभ्यता और संस्कृति सबके आधारभूत में तत्व है दिमाग की चैतनता का है। दिमाग का वह जैविक ऑपरेटिग सिस्टम, जिसका ताना–बाना, कोडिंग ध्वनि, शब्द और दृश्यों से क्रिया–प्रतिक्रिया में धड़कता है, जिसमें मेमोरी है। मन और मनन है। विचार है, एक्शन है। परिणाम है।

यह सब संभव हुआ आदि मानव, होमो सेपियन के उस जैविक जन्म से, जिसे अक्षर ब्रह्म की घुटी प्राप्त थी। यह भी कह सकते हैं कि सहस्त्राब्दियों पहले चिम्पांजी, होमो सेपियन की शरीर रचना में वह कोई बिजली कड़की होगी, जिससे दिमाग चैतन्य हुआ। किलकारी फूटी। शब्द बोध और भाषा के फूल खिले। दिल–दिमाग की चेतना और फीलिंग अक्षर ब्रह्म से अभिव्यक्त होने लगी। मनुष्य की स्मृति–श्रुति बनी। प्रकृति की सुध हुई। दिमाग खोजी और समझदार होने लगा। शब्द और भाषा में वेद रचा, श्रुति परंपरा बनी।

ईश्वर की कल्पना हुई। जाहिर है यही मानव सभ्यता के अज्ञात–ज्ञात इतिहास का निचोड़ है। शब्द बोध से बनी मनुष्य की कहानियों से जनित ईश्वर, धर्म, ज्ञान, सत्य और विकास के सफर से आज की मंजिल है। इस सफर में देवताओं जैसी उपलब्धियां हैं, तो दानवी व्यवहार भी। राम है तो रावण भी। मगर सभी प्राप्तियां भाषा और शब्दों की माया! क्या गजब बात जो शब्द–भाषा की माया से बना मायावी जगत और उसमें देवता तथा असुर दोनों!

कल्पना करें अब मनुष्य का दिमाग, उसकी भाषा, भाषा से बनी कहानियों का काम मशीन करने लगे तो क्या होगा? कंप्यूटर मशीन, उसमें संग्रहित आर्टिफिशियल इंटेलींजेस याकि कृत्रिम बुद्धि वाला सॉफ्टवेयर यदि जैविक मनुष्य दिमाग के ऑपरेटिंग सिस्टम का रिप्लेसमेंट हो गया तब मानव समाज का क्या होगा? कल्पना डराने वाली है।

विकास की इस दिशा से दुनिया में मोटा मोटी लोग या तो लोग अनजान है या इसका मजा लेते हुए है। इंसान की चैतन्यता में यह पुरानी फितरत है जो वह जैविक शरीर की आवश्यकताओं में मशीनें बनाता जा रहा है। वह यह चाहता हुआ रहा है कि दिमाग के बोझ को हल्का, काम को आसान बनाने के लिए मशीनें बनाए। व्यवस्थाएं बनाए। वह सब करे, जिससे मनुष्य जात सामूहिक तौर पर ऑटो मोड में जिंदगी गुजारे। सब आसान होता जाए। पढने़–लिखने, ज्ञान–बुद्धि, सत्य जानने–खोजने के विद्यार्जन की मेहनत नही करने पड़े। वह मशीनों से ताकत पाए और आराम, मौजमस्ती तथा समद्धि से जीवन गुजारे।

इस चाहना, भूख और लालसा ने जहां विकास को उत्तरोत्तर बढ़ाया है तो विनाश को भी न्योता है। ज्ञात इतिहास में मनुष्य ने अपनी चेतन अवस्था में भी गुलामी, अत्याचारों वाला जो पशु जीवन जीया है और जितने युद्ध व नरसंहार झेले हैं वे सब विकास के बाई प्रोडक्ट हैं।

बहरहाल, पृथ्वी के आठ अरब लोगों का मौजूदा मुकाम बीसवीं सदी के मध्य तक अकल्पनीय था। मानव सभ्यता इन दिनों पांचवीं क्रांति या तकनीकी क्रांतियों के जिस कगार पर है उसमें इंसान अपने हाथों अपने अक्षरब्रह्म, अपनी चेतना, अपने दिमाग के कामों को यांत्रिक मशीन के हवाले करते हुए है। ताकि रेडिमेड दिमागी सॉल्यूशन मिले। सब कुछ मशीनी अंदाज में। संवाद, भाषा, शब्द और निर्णय आदि सभी पहलुओं में वह यांत्रिकता बन रही है, जिसके न प्रभावों की सुध है और न अंत परिणाम पर विचार या चिंता है।

तभी लोगों का सोचना–विचारना, सत्य जानना और खोजना कुछ ही चैतन्य मनुष्यों में सिमटता हुआ है। और ये चंद लोग निज भूख, लालसा में मनुष्यों को भीड़ और भेड़चाल में कनर्वट करने के नए तरीके बनाते हुए हैं। इससे मनुष्य प्रकृति, चेतना और मनोदशा में ठसपना आ रहा है। या तो दिमाग खाली होता हुआ है या खाली दिमाग शैतान का! व्यक्ति की वैयक्तिकता खत्म होती हुई है और वह भीड़, समूह में विलुप्त हो कर असंवेदक होता हुआ है। जिन समाजों और देशों में व्यक्तिगत आजादी, निजता का महत्व नहीं है और धर्म की समाज व्यवस्था का भेड़पना है वहां मनुष्य प्रकृति और चेतना संवेदनहीनता के साथ सोशल तकाजे में चौबीसों घंटे अज्ञान, अहंकार और पागलपन के मशीनी व्यवहार में ढलते हुए है।

हिसाब से मैं आज कृत्रिम बुद्धि याकि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर लिखने बैठा था। मैंने चैटजीपीटी लांच होने के बाद 140 करोड़ भारतीयों पर उसके भावी असर पर जो लिखा था उसी क्रम में मुझे आगे लिखना था। लेकिन भीड़ और सोशल तकाजे के प्रसंग में भारत के लोग क्योंकि सोशल मीडिया के सर्वाधिक आदी हैं तो भावी मशीनी बुद्धि के प्रभाव की झांकी भारत अनुभव में सप्रमाण समझ सकते है। पिछले सप्ताह अजीत द्विवेदी ने अपने कॉलम (राक्षस है भारत में सोशल मीडिया!– 5 मई 2023) में भारत की भीड़ के व्यवहार के जो उदाहरण दिए थे तो उसमें बताए दो उदाहरण के सार संक्षेप पर जरा गौर करें। –केजरीवाल ने 26 अप्रैल को एक ट्विट कर बताया– अभी सीमा भाभी (मनीष जी की पत्नी) से अस्पताल में मिलकर आ रहा हूं। उन्हें मल्टीपल सोरायसिस बीमारी है। उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं।..इस ट्विट पर 7,495 कमेंट हुए। अपवाद के लिए एकाध को छोड़ दें तो सब के सब न्यूनतम मर्यादित मानवीय व्यवहार से गिरे हुए थे। एक बीमार महिला से मिलने गए एक पारिवारिक दोस्त को लेकर ऐसी अभद्र टिप्पणियां और ऐसे अश्लील मीम्स लोगों ने कमेंट में डाले हैं, जिसकी किसी भी सभ्य समाज में कल्पना नहीं की जा सकती है।ज्इसी तरह 26 अप्रैल को ही फिल्म अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने एक ट्विट करके 'इंटरनेट के अच्छे लोगोंइ से मदद मांगी। पूछा कि यदि एक दो दिन में कोई अमेरिका के अटलांटा जा रहा हो तो बताए उन्हें एक छोटा सा पैकेट भेजना है, जो बहुत अर्जेंट है। लेख लिखते समय तक इस पर 1,306 टिप्पणियां आई। और अपवाद के लिए एकाध को छोड़ कर सबके सब स्वरा भास्कर के प्रति राजनीतिक और वैचारिक दुर्भावना से प्रेरित थीं।

मदद ऑफर करने वाली एक या दो टिप्पणी थी बाकी सारी यह बताने वाली थीं कि छोटा पैकेट नशीले पदार्थों का हो सकता है, इसलिए कोई स्वरा पर भरोसा न करे। सोचे, भारत के कथित पढ़े–लिखे, सोशल मीडिया की अभ्यस्त भीड़ की बुद्धि के शब्द, भाषा का यह प्रकटीकरण क्या मनुष्य प्रकृति के राक्षसी कन्वर्जन का प्रमाण नहीं है? व्यक्तियों की वैयक्तिक चेतना भीड़ का हिस्सा बन कर उससे संचालित, उसके अधीन है। व्यक्ति का मष्तिष्क याकि उसका ऑपरेटिंग सिस्टम भीड़ के नेटवर्क का महज एक एक्सटेंशन, खाली खोखा हो गया है। भीड़ के नेटवर्कों ने मनुष्य के अक्षरब्रह्म का टेकओवर कर लिया है। तभी वैयक्तिक टिप्पणी में भी न संवेदना है, न विवेक है और न मानव प्रकृति का सवेंदक सत्व। सो मनुष्य अपनी बुद्धि, बुद्धि के परिश्रम, ज्ञान–सत्य–विवेक को खत्म करते हुए है। संवेदनशीलता पर भीड़, सूमहों का रोडरोलर चला है। संभव ही नहीं व्यक्ति अपनी तह सत्य जाने, बूझे और अपना सत्य प्रगट करे। यह पुराना सत्य है कि भीड़ संवेदनशीलता को निगल लेती है। व्यक्ति के रिश्ते–संबंध स्वचालित–मशीनी बन जाते हैं। भीड़ यदि मशीन रूपी हो या किसी नेता, धर्मगुरू, तानाशाह, विचार से संचालित हो तब उसमें शामिल मनुष्य जाने–अनजाने या मजबूरी वश ऑटो मोड में ठूंठ, गंवार और संवेदनहीन होंगे।तभी सोशल मीडिया मनुष्य चेतना और बुद्धि को ऑटोमोड में डालने वाला अंहम चरण है। ध्यान रहे सोशल मीडिया भी मशीनी बॉट्स औजार लिए हुए हैं, जिसके जरिए भीड़ का नेता या सूत्रधार प्रतिद्वंद्वी का चरित्रहनन करने के लिए नीच टिप्पणियां ऑटो मोड में डलवाता जाता है।

सो, कुल मिलाकर बुनियादी सत्य आधुनिक तकनीक ने संवाद के सोशल मीडिया जरिए से भी मनुष्य प्रकृति, मानव व्यवहार को राक्षसी और भेड़चाल में बदला है। व्यक्ति चेतना की आत्मा अब बॉट्स की मशीनी शब्दावली से लिखी जाती हुई है। इस विकास के आगे अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मशीन के नए उभरते रूप है।

तभी अब चिंतक, दार्शनिक और खुद वैज्ञानिक भी मनुष्य के राक्षसी बनने से ज्यादा मानव सभ्यता के खत्म होने का खतरा बूझ रहे हैं। इस सदी में मनुष्य अपने दिमाग को ताक पर रख कर मशीनी दिमाग पर आश्रित होगा। दिमाग काम करना बंद कर देगा। वह बिना सोचे–विचारे वैसे ही जीवन गुजारेगा जैसे मशीन

# गहलोत का बयान, किसे अधिक फायदा?



राजनीति को लेकर एक पुरानी कहावत है, जिसे पिछले दिनों शिव सेना के नेता संजय राउत ने दोहराया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कुछ भी अचानक घटित नहीं होता है। सो, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से छह महीने पहले पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की सबसे बड़ी नेता वसुंधरा राजे को लेकर जो कहा वह भी अनायास नहीं है। गहलोत ने कहा कि 2020 में वसुंधरा और भाजपा के कुछ अन्य विधायकों, नेताओं ने उनकी सरकार बचाई थी। इस बयान के दो पहलू हैं। एक तो कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति से जुड़ा है। इस तरह के बयानों से सचिन पायलट को निशाना बनाया जाता है औऱ बार बार याद दिलाया जाता है कि उन्होंने अपनी ही सरकार गिराने का प्रयास किया था। इससे आलाकमान के सामने और जनता में भी उनको लेकर निगेटिव मैसेज जाता है। दूसरा पहलू भाजपा की अंदरूनी राजनीति से जुड़ा है।

तभी सवाल है कि इससे वसुंधरा राजे को फायदा होगा या नुकसान होगा? इस बात की बहस में जाने की जरूरत नहीं है कि वसुंधरा ने गहलोत की सरकार सचमुच बचाई थी या यह एक अफवाह है? जिसे गहलोत सच बनाना चाहते हैं? पाकिस्तान के एक बड़े व्यंग्यकार थे मुश्ताक अहमद यूसुफी, जिन्होंने लिखा था– इस मुल्क की अफवाहों की एक बुरी बात यह है कि वह अक्सर सही साबित हो जाती हैं। यह बात भारत की राजनीति के बारे में भी कही जा सकती है। पहले अफवाहें उठती हैं और बाद में वो सही साबित हो जाती हैं। जैसे महाराष्ट्र में जब अजित पवार ने देवेंद्र फडनवीस के साथ उप मुख्यमंत्री की शपथ ली और बाद में एनसीपी में वापस लौट गए तो अफवाह उठी कि यह सब शरद पवार के इशारे पर हुआ है और पिछले दिनों फडनवीस ने इस अफवाह की पुष्टि कर दी।

बहरहाल, अब तक जो बात सूत्रों के हवाले से या राजनीतिक साजिश के रूप में कही जाती थी उस पर मुख्यमंत्री ने मुहर लगाई है। इस बयान को दोनों तरह से देखा जा रहा है। एक नजरिया तो यह है कि गहलोत को पता है कि अगर उनको कोई चुनौती दे सकता है तो वह वसुंधरा हैं। इसलिए पहले उन्होंने वसुंधरा को भाजपा आलाकमान की नजर में संदिग्ध बनाने का प्रयास किया है ताकि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन पर भरोसा न करे और उनके हाथ में कमान न दे। हालांकि आलाकमान पहले से हिचक दिखा रहा है और अब इस बयान के बाद ज्यादा नुकसान हो जाएगा।

इस बयान की दूसरी व्याख्या हो रही है कि इससे वसुंधरा की ताकत बढ़ेगी। दो तरह से उनकी ताकत बढने़ की बात हो रही है। पहला मैसेज तो यह है कि गहलोत उनको रास्ते से हटाना चाहते हैं इसलिए बदनाम कर रहे हैं और दूसरा मैसेज यह है कि अगर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा को कमान नहीं सौंपी तो वे कांग्रेस के साथ मिल कर भाजपा की राह मुश्किल करेंगी। कांग्रेस या गहलोत से उनकी करीबी का मैसेज उनकी ताकत बढ़वाएगा।

# कुश्ती पहलवानों की पीड़ा?

**अजय दीक्षित**

जिन पहलवानों ने कुश्ती के अन्तर्राष्ट्रीय मुकाबलों में भारत के लिए, पदक जीते थे, तब वह 'राष्ट्रीय नायक' था। महिला या पुरुष कुछ भी हो ड्ट सकता है। वह चेहरा भारतीय खिलाड़ी का था। वह किसी भी खेल का प्रतिनिधि हो सकता है, लेकिन जीत के ऐसे लम्हों में हमारा 'तिरंगा' सम्मानित होता है। राष्ट्रगान की धुन बजाई जाती है। देश और प्रधानमंत्री गौरवान्वित महसूस करते हुए तालियां बजाते हैं। रोड शो के जरिए उन खिलाडिय़ों का अभिनंदन किया जाता है । उन्हें सम्मानों से नवाजा जाता है और सरकारी नौकरियां भी मुहैया कराई जाती हैं । प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर भारत के ऐसे होनहार, पदकवीर खिलाडिय़ों को रात्रि भोज दिया है, यह समूचा देश जानता है। आज वही खिलाड़ी जंतर–मंतर पर धरना दिए बैठे हैं। उनकी आंखों में आंसू हैं, मन में गहरी निराशा है। क्या वे अब देश के लिए 'दंगल' लड़ पाएंगे? क्या प्रधानमंत्री और सरकार के संज्ञान में नहीं है कि महिला पहलवानों ने यौन उत्पीडन के आरोप लगाए हैं। एक पहलवान तो 16 वर्षीय नाबालिग बताई गई है। सीधा 'पॉक्सो' का केस बनता है और



आरोपित व्यक्ति जेल में होना चाहिए था।

चूंकि भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष, भाजपा का 6 बार का बाहुबली सांसद, ब्रजभूषण शरण सिंह है, लिहाजा मुद्दे को लटकाया, भटकाया जा रहा है। पुलिस भी प्राथमिकी दर्ज करने में कन्नी काट रही है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, रवि दहिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया सरीखे चैम्पियन, पदकवीर पहलवानों को दुनिया जानती है। उन्होंने कुश्ती के लिए 'मील– पत्थर' स्थापित किए हैं। दुनिया उनके दंगल की दाद देती रही है। वे यौन शोषण की शिकार पहलवान–बेटियों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए, जो उनकी जीत पर गवीन्मत्त हुए थे। पहलवान–बेटियों को, अंततः, सर्वोच्च अदालत की चौखट तक जाना पड़ा । दुनिया देश पर थू–थू कर रही होगी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने भी आरोपों को गंभीर माना है और दिल्ली पुलिस का जवाब तलब किया है। आज शीर्ष अदालत में सुनवाई है।

दरअसल बुनियादी सवाल और चिंता खेल की है। खेलों के मामले में भारत अपेक्षाकृत कमजोर है। ऐसे यौन उत्पीडऩ किए जाएंगे, तो कमोबेश कौन मां–बाप अपनी बेटी को खेलने की इजाजत देगा?

ये विश्वविख्यात पहलवान जनवरी, 2023 में भी जंतर–मंतर पर ही बैठे थे, तब उन्होंने खेल मंत्रालय के आश्वासन पर भरोसा करने की गलती की थी। इस अंतराल में मुक्केबाजी की 6 बार की विश्व चैम्पियन रहीं मैरी कोम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने क्या निष्कर्ष तय किए, क्या रपट तैयार की और सच तक पहुंचने की कोशिश की, सब कुछ परदे में है। पहलवान रही और कमेटी की एक सदस्य बबीता फोगाट के रपट पर हस्ताक्षर किस तरह जबरन कराए गए और उनसे रपट भी छीन ली गई, इसका खुलासा उन्होंने ही किया है। कुश्ती संघ में ब्रजभूषण का आज भी वर्चस्व है। वरिष्ठ कोचों और संघ के अधिकारियों द्वारा महिला पहलवानों के परिजनों तक को धमकाया जा रहा है। पैसे. का लालच दिया जा रहा है। वे सभी दबाव में हैं।

यह खुलासा भी धरने वालों ने ही किया। अदालत में सच सामने आ सकता है । सवाल यौन हिंसा का है और नया कानून बेहद सख्त है। प्राथमिकी दर्ज न करने वाला पुलिस अफसर भी नप सकता है । सवाल यह भी है कि आज कुश्ती में कुकर्म सामने आ रहे हैं, तो कल दूसरे खेलों की महिला खिलाडिय़ों के साथ घिनौनेपन किए जा सकते हैं। भारत में महिला क्रिकेट और हॉकी टीमें भी खेल रही हैं।

बैडमिंटन और निशानेबाजी, तीरंदाजी आदि खेलों में भी महिलाओं ने विश्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। क्या खेल संघों के पुरुषों की हवस के लिए खेलों की बलि दी जा सकती है? यदि प्रधानमंत्री मोदी भी ऐसे मामलों पर खामोश हैं, तो यह ठीक नहीं है ।

# अजीब किस्म की कूटनीति

भारत के बड़े जनमत की यह अपेक्षा वाजिब है कि विदेश मंत्री जयशंकर को चीन को भी उसी मजबूती के साथ सार्वजनिक जवाब देना चाहिए था, जैसा उन्होंने पाकिस्तान के मामले में किया।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बेश-क करारा जवाब दिया। उन्होंने सार्वजनिक रूप ले उनकी उपेक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि साथ ही ये खबर भी आई कि जयशंकर ने बतौर मेजबान बिलावल से हाथ मिलाया, लेकिन यह सुनिश्चित होने के बाद कि सारे कैमरे बंद हो चुके हैं। बिलावल ने पत्रकारों के सामने 2019 में जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द होने का सवाल उठाया, तो उसके जवाब में जयशंकर ने इसका जवाब उन्हें आतंकवाद का प्रवक्ता बता कर दिया। इस तरह देश में यह संदेश गया है कि वर्तमान भाजपा सरकार पाकिस्तान को उसकी जगह दिखाने के अपने मजबूत इरादे पर कायम है। बहरहाल, सवाल यह उठा है कि ऐसा ही इरादा जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री चिन गांग को क्यों नहीं दिखाया?अप्रैल के आखिरी हफ्ते में एससीओ की ही बैठक में भाग लेने जब चीनी रक्षा मंत्री आए थे, तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनसे द्विपक्षीय वार्ता करने के बावजूद उनसे हाथ नहीं मिलाया। भारत में सोशल मीडिया पर उसके साथ ही राजनाथ सिंह के अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों से हाथ मिलने की तस्वीरें वायरल हुईं। जाहिर है, उसमें एक संदेश छिपा था। सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को भारत यह रुख भी बताया था कि सीमा पर चीनी हालिया गतिविधियों ने दोनों देशों के बीच पहले हुए द्विपक्षीय समझौतों का आधार कमजोर कर दिया है। जबकि जयशंकर और चिन की हुई वार्ता के बाद भारत की तरफ से कोई बयान जारी नहीं हुआ। लेकिन चीन ने बयान जारी किया। उसमें रक्षा मंत्रियों की वार्ता के बाद कही गई बातों को लगभग दोहराया गया। उसका संदेश है कि सीमा पर सब ठीक है और दोनों देश अब संबंध मजबूत करने की तरफ बढ़ रहे हैं। यानी चीन भारत की उन चिंताओं को स्वीकार करने तक को तैयार नहीं है, जिन्हें राजनाथ सिंह ने भी जताया था। ऐसे भारत के बड़े जनमत की यह अपेक्षा वाजिब है कि जयशंकर को चीन को भी उसी मजबूती के साथ सार्वजनिक जवाब देना चाहिए था, जैसा उन्होंने पाकिस्तान के मामले में किया।

# तरबूज खाएं ही नहीं, चेहरे पर लगाएं भी... ऐसे करेंगे यूज तो कुछ ही दिन में स्किन करने लगेगी ग्लो

गर्मी के दिनों में त्वचा का ख्याल रखना काफी जरूरी हो जाता है क्यों कि जब आपका शरीर डिहाइड्रेट होता है तब इसका सीधा असर चेहरे पर नजर आता है. स्किन डल होने के साथ काली पड़ जाती है. तरबूज का इस्तेमाल करके गर्मियों में होने वाली त्वचा से जुड़ी परेशानियों को दूर कर सकते हैं. तरबूज में फाइबर, पोटेशियम, आयरन, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ए, जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. ये फल त्वचा के लिए एंटी ऑक्सीडेंट की तरह काम करते हैं. इन गुणों की वजह से स्किन इंफेक्शन ठीक हो जाता है. त्वचा हाइड्रेट होती है. जलन–सूजन की समस्या दूर होती है. त्वचा पर निखार आता है.आप तरबूज से बने फेस पैक को त्वचा पर अप्लाई करके सारी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं.

तरबूज और दूध का फेस पैक

*तरबूज के पल्प को निकाल लीजिए.

*अब इस पल्प में 2 चम्मच दूध मिलाएं.

*इसका एकअच्छा सा पेस्ट तैयार कर लीजिए.

*अब इसे पूरे चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर रखें, इसके बाद चेहरे को साफ कर ले.

*दूध त्वचा के लिए प्राकृतिक क्लींजर की तरह काम करेगा.

*तरबूज चिलचिलाती गर्मी में त्वचा को हाइड्रेट रखने और ठंडक पहुंचाने में मदद करेगा.

*ये फेस पैक त्वचा में कसाव लाएगा और आपको जवां बनाने में मदद करेगा.

तरबूज और नींबू का फेस पैक

*तरबूज का पल्प निकाल लीजिए.

*इसमें नींबू का रस मिलाकर इसका एक अच्छा सा मिश्रण बना लीजिए.

*अब इसे त्वचा पर 15 से 20 मिनट लगा रहने दीजिए.

*इसके बाद त्वचा को साफ पानी से धो लीजिए.

*इस फेस पैक से त्वचा की डेड सेल को एक्सफोलिएट करने में मदद मिलेगी.

तरबूज और दही का फेस पैक

## टेरर फंडिंग मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, जम्मू–कश्मीर में 11 जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** टेरर फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) गुरुवार को जम्मू–कश्मीर के चार जिलों में 11 जगहों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, बडग़ाम, बारामूला, पुलवामा और कुपवाड़ा जिलों में छापेमारी चल रही है।एनआईए की टीमों के साथ स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के जवान भी हैं।

सूत्रों ने कहा कि एजेंसी कई आपत्तिजनक दस्तावेजों की जांच कर रही है और कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी कर रही है।छापेमारी गुरुवार सुबह शुरू हुई और अभी भी जारी है। फिलहाल एनआईए के अधिकारी ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है।

## यूपी निकाय चुनाव : गाजियाबाद में 9 बजे तक हुआ 8 .50 प्रतिशत मतदान

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में यूपी निकाय चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो चुकी है। दूसरे चरण के मतदान में गाजियाबाद सीट से मेयर के 12, चेयरमैन के लिए 95 और पार्षद/सभासद पद पर 1730 प्रत्याशियों में मुकाबला है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से गाजियाबाद को 26 जोन और 128 सेक्टर में बांटा है। कुल 606 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 25 लाख 80 हजार 225 मतदाता अपने मत का प्रयोग करने वाले हैं। शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने वोट डाला। उन्होंने कहा– प्रदेश के अंदर और नगर निकाय में भी डबल इंजन की सरकार होनी चाहिए जिससे प्रदेश के साथ ही शहर का भी विकास हो। गाजियाबाद नगर निगम के यूपी सरकार के राज्यमंत्री (दर्जाप्राप्त) नरेंद्र कश्यप ने वोट डाला है। गाजियाबाद नगर निगम के अलावा मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी, खोड़ा, निवाड़ी, पतला, फरीदनगर और डासना नगर पंचायत में सुबह 7 बजे से वोटिंग प्रारंभ हो गई है। इन सभी जगह 606 मतदान केंद्र और 2371 पोलिंग बूथ बने हैं। जिले में 128 संवेदनशील और 149 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र बनाए हैं। गाजियाबाद नगर निगम में 15.39 लाख मतदाता हैं। नगर पालिकाओं की बात करें तो सर्वाधिक वोटर लोनी में 5.21 लाख हैं।

## अमेरिका में रह रहे गैंगस्टर हरजोत सिंह पर कार्रवाई, इंटरपोल ने जारी किया ब्लू नोटिस

**नई दिल्ली , एजेंसी।** एनआ-ईए के अनुरोध पर अमेरिका में रह रहे गैंगस्टर हरजोत सिंह के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नोटिस पिछले महीने जारी किया गया था। ब्लू नोटिस अक्सर किसी अपराधी के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए जारी किया जाता है। एनआईए ने फिलीपींस में छिपे अमरीक सिंह और मनदीप सिंह के खिलाफ पहले ही लुक आउट सकरुलर जारी कर दिया है। ग्रीस में छिपा जगदीप सिंह उर्फ जग्गू भगवानपुरिया गिरोह का सदस्य सतनाम सिंह उर्फ सत्ता और कुछ अन्य के खिलाफ भी सर्कुलर जारी किया गया है, जो उपरोक्त तीन देशों में छिपे हुए हैं। एनआईए प्रत्यर्पण कार्यवाही शुरू करने के लिए उनके सटीक स्थान की पहचान करना चाहती है।दिल्ली की विशेष एनआईए अदालत ने मामले में उनके पेश न होने के कारण उनके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किया था।

इस मामले में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवाईएफ) जैसे खालिस्तानी संगठनों के साथ–साथ उत्तर भारत स्थित गैंगस्टर शामिल हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया, तत्काल रिहाई के आदेश दिए



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में बिगड़ती स्थिति और राजनीतिक उथल–पुथल के बीच पूर्व विदेश मंत्री और इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एक विशेष अदालत ने इमरान खान को बुधवार को आठ दिन के लिए भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी की रिमांड में भेज दिया। देश में विरोध–प्रदर्शन का दौर जारी है और राजधानी इस्लामाबाद के अलावा तीन प्रांतों में सेना की तैनाती की गई है।

इमरान खान की रिहाई को लेकर शहबाज शरीफ सरकार की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाए। मरियम ने ट्वीट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान के 60 अरब रुपये के घोटाले पर सवाल क्यों नहीं किए। इस आदमी की वजह से दो दिन में पूरा मुल्क जल गया। इससे पहले पुलिस और रेंजर्स पर हमले कराए गए। सुप्रीम कोर्ट तब क्यों चुप रहा?

इमरान खान ने कोर्ट को बताया कि उन्हें रिमांड में पीटा गया। मेरी गिरफ्तारी ऐसे की गई, जैसे मैं कोई आतंकी हूं। मुझे डंडों से पीटा गया। 145 से ज्यादा फर्जी केस डाल दिए गए। इमरान खान ने कोर्ट से कहा कि उन्हें घर जाने दिया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि आपकी जान को खतरा है। आपको तीन बेड रूम के पुलिस लाइंस गेस्टहाउस में रखा जाएगा। आपसे 10 से ज्यादा लोग नहीं मिल सकते। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान से कहा कि आपकी गिरफ्तारी के बाद मुल्क में जो हिंसा हुई, आपको उसकी निंदा करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए कहा कि पूर्व पीएम के साथ न्याय नहीं हुआ। उन्हें कल इस्लामाबाद हाईकोर्ट के सामने पेश किया जाए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने इमरान को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए। इमरान खान सुप्रीम कोर्ट में मौजूद हैं। कोर्ट के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस्लामाबाद पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) डॉ. अकबर नासिर खान को पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को शाम साढ़े चार बजे तक पेश करने का निर्देश दिया। यह निर्देश पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बांदियाल के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के परिसर से पीटीआई नेता की गिरफ्तारी को देश की न्यायिक प्रतिष्ठान के लिए एक बड़ा अपमान करार देने के बाद आया। पार्टी प्रमुख इमरान खान की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली पीटीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही तीन सदस्यीय पीठ की अध्यक्षता करते हुए सीजेपी ने यह टिप्पणी की थी। बेंच में सीजेपी के अलावा जस्टिस अतहर मिनल्लाह और जस्टिस मुहम्मद अली मजहर भी शामिल हैं। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है और आज ही इस पर फैसला सुनाया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह भविष्य के लिए उदाहरण पेश करने का वक्त है। कोर्ट ने कहा कि पाकिस्तान को जेल नहीं बनने देंगे। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक घंटे के भीतर अदालत में पेश करने का निर्देश दिया।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट से इमरान खान की गिरफ्तारी पर पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एनएबी की कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हाईकोर्ट में जो कुछ भी हुआ, वह न्यायपालिका की छवि पर हमला था। कोर्ट ने एनएबी को निर्देश दिया कि वे इमरान खान को स्थानीय समयानुसार साढ़े चार बजे तक सुप्रीम कोर्ट में पेश करें।

सिंध विधानसभा के पटल पर बोलते हुए मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने कहा कि अतीत में आतंकवादी समूहों द्वारा पाकिस्तानी सेना के जनरल मुख्यालय और कराची कोर कमांडर कार्यालय पर हमले किए गए थे। उन्होंने कहा कि पीटीआई को फैसला करना है कि वह तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनना चाहती है या मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) जैसी राजनीतिक पार्टी बनना चाहती है। उन्हें यह निर्णय लेना होगा।

## नए विधेयक से अमेरिका में बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के लिए नागरिकता की उम्मीद जगी

**न्यूयॉर्क , एजेंसी,।** अमेरिकी आव्रजन प्रणाली को दुरूस्त करने के लिए कांग्रेस सदस्य लिंडा सांचेज और अन्य डेमोक्रेट्स ने देश में रह रहे और काम कर रहे लाखों गैर–दस्तावेजी प्रवासियों को नागरिकता का मार्ग प्रदान करने के लिए नागरिकता अधिनियम पेश किया। अमेरिकी नागरिकता अधिनियम 2023 सपने देखने वालों, अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीपीएस) के प्राप्तकर्ताओं, कृषि श्रमिकों, उनके पति और बच्चों के लिए रास्ता बनाएगा, जो तुरंत ग्रीन कार्ड के लिए पात्र होंगे।सांचेज ने एक बयान में कहा, मेक्सिको के अप्रवासी माता–पिता की बेटी के रूप में, मैं आज अमेरिकी नागरिकता अधिनियम पेश करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं, यह एक साहसिक, परिवर्तनकारी ढांचा, जो अंततः हमारी टूटी हुई आव्रजन प्रणाली को ठीक कर देगा।उन्होंने कहा, अमेरिकी नागरिकता अधिनियम हमें अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित करने में मदद करेगा, हमारी सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बनाएगा, और यहां पहले से रह रहे और काम कर रहे लाखों प्रवासियों के लिए नागरिकता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

अमेरिका में स्वीकृत परिवार–प्रायोजित याचिकाओं वाले लगभग 4 मिलियन लोग अप्रवासी वीजा के उपलब्ध होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, और अनुमानित 4.4 मिलियन अमेरिकी नागरिक बच्चों के माता–पिता में से कम से कम एक गैर–दस्तावेजी है।

देश में लगभग 1.6 मिलियन गैर–दस्तावेजी गैर–नागरिक अमेरिकी नागरिकों से विवाहित हैं और लगभग 675,000 वैध स्थायी निवासियों से विवाहित हैं।

यह बिल प्रसंस्करण में देरी के कारण बच्चों को वीजा पात्रता से बाहर होने से बचाता है, और यह सुनिश्चित करता है कि परिवार–आधारित याचिकाओं के लाभार्थी अपनी प्राथमिकता तिथि को बरकरार रखें, भले ही वे बाद में एक अलग श्रेणी के तहत वीजा के लिए पात्र हो जाएं।

## 1987 के मलियाना हत्याकांड के अभियुक्तों को बरी किए जाने की समीक्षा करेगा हाईकोर्ट

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय मेरठ जिले में 1987 के मलियाना नरसंहार में 39 आरोपियों को बरी करने के फैसले की समीक्षा करेगा। इसमें कथित तौर पर पीएसी कर्मियों समेत भीड़ ने 72 लोगों की हत्या कर दी थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत से 39 आरोपियों को बरी किए जाने से जुड़े रिकॉर्ड तलब किए हैं।

मृतकों के एक परिजन रईस अहमद द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने कहा, निचली अदालत के रिकॉर्ड को समन करें। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी।

रईस ने मेरठ जिले की सत्र अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें साक्ष्य के अभाव में इस साल 31 मार्च को सभी 39 आरोपियों को बरी कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि 23 मई, 1987 को पड़ोसी हाशिमपुरा में एक दिन पहले हुई झड़पों के बाद मलियाना में दंगे भड़क उठे थे।मलियाना में हुई हिंसा में 72 लोगों की मौत हुई थी, जबकि हाशिमपुरा में 42 लोगों की जान चली गई थी।


मलियाना नरसंहार के एक दिन पहले, 42 मुसलमानों को कथित तौर पर मेरठ के हाशिमपुरा इलाके में पीएसी कर्मियों द्वारा घेर लिया गया था, गाजियाबाद के मुरादनगर में ऊपरी गंगा नहर में ले जाया गया, गोली मार दी गई और जल निकाय में फेंक दिया गया।

दिल्ली की एक अदालत ने 2018 में पीएसी के 16 पूर्व कर्मियों को दोषी ठहराया था। लेकिन बाद में इन्हें बरी कर दिया गया।

## नंगल की फैक्ट्री में गैस लीक, 35 छात्रों सहित कई लोग चपेट में– इलाका सील

**नंगल , एजेंसी।** बड़ी खबर पंजाब के रोपड़ जिसे से है। यहां के नंगल शहर में गुरुवार को एक फैक्ट्री से गैस लीक होना का मामला सामने आया है। गैस लीक होने से प्राइवेट स्कूल के 30 से 35 छोटे बच्चों समेत कई लोग चपेट में आ गए। कुछ बच्चों और शिक्षकों ने उल्टी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। इसके बाद प्रभावित शिक्षकों और छात्रों को नंगल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद प्रशासन ने सारे इलाके को सील कर दिया है।जानकारी के अनुसार, स्कूल के पास ही दो बड़ी औद्योगिक इकाइयां हैं, इनमें से किसी एक उद्योग से गैस लीक होने की आशंका है। जांच के बाद असली बात सामने आएगी। प्रभावित बच्चों और शिक्षकों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया हैं।

# स्पाइसजेट ने कहा– दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने की योजना नही



**नई दिल्ली, एजेंसी।** किफायती विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने गुरुवार को कहा कि उसकी दिवाला प्रक्रिया शुरू करने की कोई योजना नहीं है। स्पाइसजेट का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक पट्टेदार ने एयरलाइन और संकटग्रस्त प्रतिद्वंद्वी गो फर्स्ट को बुधवार को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की ओर से स्वैच्छिक दिवाला समाधान कार्यवाही के लिए स्वीकार किए जाने के खिलाफ दिवालिया समाधान याचिका दायर की है।

भारतीय विमानन बाजार के हालिया घटनाक्रम का हवाला देते हुए स्पाइसजेट ने कहा कि उसकी दिवालियापन घोषित करने के लिए आवेदन करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम किसी अन्य एयरलाइन की ओर से फाइलिंग के कारण पैदा हुई किसी भी अटकल को खारिज करना चाहते हैं। एयरलाइन दृढ़ता से अपने कारोबार पर ध्यान केंद्रित कर रही है और धन जुटाने के लिए निवेशकों के साथ सक्रिय बातचीत कर रही है।

एनसीएलटी ने आठ मई को एयरकैसल (आयरलैंड) लिमिटेड की ओर से दायर दिवालिया याचिका पर बजट एयरलाइन को नोटिस जारी किया था और इस मामले में अब अगले सप्ताह सुनवाई होनी है। इसके अलावा पट्टेदारों ने स्पाइसजेट के तीन विमानों का पंजीकरण रद्द करने की मांग की है।उन्होंने कहा, 'दिवालियापन के लिए आवेदन करने का सवाल ही नहीं उठता। इसके बारे में कोई भी अफवाह पूरी तरह से निराधार है। हम अपने ग्राउंडेड बेड़े को पुनर्जीवित करने और अधिक से अधिक विमानों को हवा में वापस लाने पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, "इस मोर्चे पर काम शुरू हो चुका है और कंपनी पांच करोड़ डॉलर के ईसीएलजीएस कोष और हमारी खुद की नकदी का इस्तेमाल कर रही है।"

स्पाइसजेट ने यह भी कहा कि उसने सरकार की आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) और

### संकट दूर करने के लिए ये है प्लान

आंतरिक नकदी अर्जन से एयरलाइन को प्राप्त 50 मिलियन अमरीकी डालर के धन के साथ अपने ग्राउंडेड बेड़े को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बंबई शेयर बाजार में दोपहर के कारोबार में एयरलाइन का शेयर एक प्रतिशत गिरकर 29.62 रुपये पर आ गया।

पिछले हफ्ते एयरलाइन ने 25 ग्राउंडेड विमानों को सेवा में वापस लाने की योजना की घोषणा की थी। एयरलाइन के बेड़े में करीब 80 विमान हैं और वह 25 बोइंग 737 और क्यू400 विमानों को फिर से पटरी पर लाने पर विचार कर रही है।

# सिसोदिया को हाईकोर्ट से राहत

## वीडियो कॉल पर कर सकेंगे बीमार पत्नी से बात, जमानत पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली , एजेंसी।** कथित शराब घोटाले में आरोपी दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हालांकि उन्हें अपनी बीमारी पत्नी से बात करने की इजाजत मिल गई है। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को आदेश दिया है कि जेल मैन्युल के मुताबिक सिसोदिया को वैकल्पिक दिनों में तीन से चार बजे के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए बात कराई जाए।

सिसोदिया फिलहाल सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में विशेष न्यायाधीश ने 31 मार्च को उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। हाल ही में ईडी के मामले में भी उन्हें जमानत नहीं मिल सकी थी।

मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया लंबे समय से मल्टीपल स्केलेरोसिस बीमारी से पीड़ित हैं। मनीष सिसोदिया के जेल और पढ़ाई के लिए बेटे के विदेश जाने के बाद से वह घर में अकेली हैं। इस कारण वह तनाव में रहती हैं। उनका इलाज कर रहे अपोलो के डॉक्टरों का कहना है कि मल्टीपल स्केलेरोसिस की बीमारी में मरीज के दिमाग का शरीर पर से नियंत्रण घटता चला जाता है। वर्तमान में इनमें भी ऐसे ही लक्षण दिख रहे हैं। इस बीमारी के चलते उनके शरीर की आधी कार्यक्षमता प्रभावित है। इसके चलते उनको चलने या बैठने में काफी परेशानी हो रही है।

दिल्ली में कथित नई आबकारी नीति घोटाले के आरोप में मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था। आरोप है दिल्ली शराब नीति घोटाले में सिसोदिया की अहम भूमिका थी। सिसोदिया केजरीवाल सरकार के सबसे ताकतवर मंत्री थे। उनके पास कुल 33 में से 18 विभाग थे।

## टीवी एक्ट्रेस संग प्रोड्यूसर ने पार की हदें, बोला–तुम्हारे होंठ बहुत अच्छे हैं, क्या ....

**मुंबई , एजेंसी।** टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्माइ एक बार फिर सुर्खियों में है। इस सीरियल में एक किरदार निभाने वाली एक एक्ट्रेस जेनिफर ने शो के प्रोड्यूसर असित मोदी पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए सनसनीखेज खुलासा किया है।

एक्ट्रेस का कहना है कि असित मोदी के कुछ कमेंट उन्हें अनकम्फर्टेबल करते थे।जेनिफर के मुताबिक 2019 में तारक मेहता की टीम शूटिंग के लिए वह सिंगापुर गई थी तब उनका कहना है कि असित मोदी ने उन्हें कहा कि जेनिफर तुम्हारे होंठ बड़े अच्छे लग रहे हैं, लगता है किस कर लूं ये बात सुनकर जेनिफर दंग रह गई थीं।

# पति ने ब्लेड से अपनी पत्नी की नाक काटी,बेटी को गला दबाकर की हत्या,खुद भी दे दी जान

**कानपुर , एजेंसी ।** शहर के नौबस्ता थाना क्षेत्र में विवाद के बाद गुस्साए पति ने ब्लेड से अपनी पत्नी की नाक काट दी। इसके बाद इकलौती बेटी की गला कसकर हत्या कर दी। फिर खुद भी फंदे से लटक कर जान दे दी।

इलाकाई लोगों की सूचना पर डीसीपी साउथ सलमान ताज पाटिल,एडीसीपी अंकिता शर्मा और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर पत्नी के बयान दर्ज किए हैं। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिछले आठ माह से पति से अलग रहती थी पत्नी

जानकारी के अनुसार, मछरिया बाजार,बाबा नगर निवासी छोटे शाह (36) पेशे के कार चालक थे।

### डीसीपी साउथ,फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची

वह पिछले कई सालों से अमौली के जिला पंचायत सदस्य बृजेश पटेल की कार चलाते थे। वह अपनी पत्नी रुखसार, बेटी आरजू (14) व दो बेटों आरिफ और आर्यन के साथ नौबस्ता गल्ला मंडी स्थित जिला पंचायत सदस्य के नव निर्माणाधीन मकान के तीसरी मंजिल पर रहते थे। पत्नी ने पुलिस को बताया कि वह पिछले आठ माह से पति से अलग रहती थी।

पति उस पर शक करते थे। तीन दिन पहले ही वह यहां आई थी। इसके बाद से लगातार उसके पति से विवाद हो रहा था। गुरुवार दोपहर को भी इसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज छोटे ने पहले ब्लेड से उसकी नाक काट दी। इसके बाद वहां मौजूद बेटी की रस्सी से गला कसकर फंदे पर लटका दिया।

फिर दूसरे कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। बेटी और पति को फंदे पर लटकता देख उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद मोहल्ले वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जांच–पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हाई कोर्ट का एक साल खराब किया, लगाई एक लाख की कॉस्ट

**इंदौर, एजेंसी।** हाई कोर्ट इंदौर ने गलत तथ्य लगाकर कोर्ट का एक साल खराब करने का विपक्षीगण पर एक लाख रुपए की कास्ट लगाई। दो सप्ताह में कास्ट की राशि कर्मचारी वेलफेयर में जमा कराना होगा। हाई कोर्ट ने अंतिम आदेश जारी करते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय को मूल परिवाद वापस भेज दिया। आदेश में कहा है कि परिवाद का अंतिम निराकरण होने तक चल–अचल संपत्तियों की बिक्री नहीं की जाएगी। हाई कोर्ट इंदौर में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की एकलपीठ ने यह आदेश जारी किए। अपीलकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट आरएस जायसवाल व एडवोकेट अभिनव मल्होत्रा ने पैरवी की।

अधिवक्ता मल्होत्रा के मुताबिकशरद सांघी द्वारा सात अगस्त 2019 को वसीयत लिखी गई थी। इस वसीयत के हिसाब से संपत्ति का बंटवारा नहीं होने पर छोटी बेटी ज्योत्सना ने जिला एवं सत्र न्यायालय इंदौर में सिविल सूट दायर किया था। इसमें उल्लेख किया था कि बहन रागिनी और प्रिया के द्वारा वसीयत के हिसाब से बंटवारा नहीं किया जा रहा है।

# सनातन सिर्फ एक शब्द नहीं है,ये नित्य नूतन और परिवर्तनशील : मोदी

**भुज , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि सनातन सिर्फ एक शब्द नहीं है, ये नित्य नूतन है, परिवर्तनशील है और इसमें बीते हुए कल से खुद को और बेहतर बनाने की एक अंतर्निहित चेष्टा है, इसलिए सनातन अजर–अमर है। मोदी ने कड़वा पाटीदार समाज की 100वीं वर्षगांठ पर सनातनी शताब्दी महोत्सव में वर्चुअल तरीके से हिस्सा लेते हुए अपने संबोधन में कहा, यह मेरे कच्छी पटेल कच्छ का ही नहीं, परंतु अब पूरे भारत का गौरव है, क्योंकि मैं भारत के किसी भी कोने में जाता हूँ, तो वहां मेरे इस समाज के लोग देखने को मिलते हैं। इसलिए तो कहा जाता है कच्छड़ो खेले खलक में जो महासागर में मच्छ, जे ते हद्दो कच्छी वसे उत्ते रियाडी कच्छ।उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद शारदापीठ के जगद्गुरु पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल, केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला, अखिल भारतीय कच्छ कड़वा पाटीदार समाज के अध्यक्ष अबजी भाई विश्राम भाई कानाणी और अन्य पदाधिकारियों और देश–विदेश से जुड़े लोगों सभी को सनातनी शताब्दी महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, आज मेरे लिए सोने पर सुहागा है। मेरे लिए ये पहला अवसर है, जब मुझे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी की उपस्थिति में उनके शंकराचार्य पद धारण करने के बाद किसी कार्यक्रम में आने का अवसर मिला है।

उनका स्नेह हमेशा मुझ पर रहा है, हम सब पर रहा है तो आज मुझे उन्हें प्रणाम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा के सौ वर्ष का पुण्य काल, युवा इकाई का पचासवां वर्ष और महिला इकाई का पच्चीसवां वर्ष की यह जो त्रिवेणी बनी है। ये अपने आप में बहुत ही सुखद संयोग है। जब किसी समाज के युवा, उस समाज की माताएँ–बहनें, अपने समाज की ज़िम्मेदारी अपने कंधों पर लेते हैं, तो मान लेना उसकी सफलता और समृद्धि तय हो जाती है। मुझे खुशी है कि श्री अखिल भारतीय कच्छ कड़वा पाटीदार समाज के युवा एवं महिला विंग की ये निष्ठा इस महोत्सव के रूप में आज चारों तरफ नजर आ रही है। मोदी ने कहा, आपने अपने परिवार के सदस्य के रूप में मुझे सनातनी शताब्दी महोत्सव का हिस्सा बनाया। मैं इसके लिए आप सभी का आभारी हूं। सनातन सिर्फ एक शब्द नहीं है, ये नित्य नूतन है, परिवर्तनशील है। इसमें बीते हुए कल से, खुद को और बेहतर बनाने की एक अंतर्निहित चेष्टा है और इसलिए सनातन अजर–अमर है।प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की यात्रा उसके समाज की यात्रा का ही एक दर्शन होती है। पाटीदार समाज का सैकड़ों साल का इतिहास, सौ वर्षों की श्री अखिल भारतीय कच्छ कड़वा समाज की यात्रा और भविष्य के लिए विजन् ये एक तरह से भारत और गुजरात को जानने–देखने का एक माध्यम भी है। सैकड़ों वर्ष इस समाज पर विदेशी आक्रांताओं ने क्या–क्या अत्याचार नहीं किए, लेकिन फिर भी समाज के पूर्वजों ने अपनी पहचान नहीं मिटने दी, अपनी आस्था को खंडित नहीं होने दिया।

# भारतीय मुक्केबाजों ने विश्व चैंपियनशिप में रचा इतिहास



ताशकंद । दीपक भोरिया, मोहम्मद हुसामुद्दीन और निशांत देन ने बुधवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने–अपने चर्टरफाइनल मुकाबले जीतकर भारत के लिये तीन ऐतिहासिक कांस्य पदक सुनिश्चित कर दिये।

दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन ने 57 किग्रा के चर्टरफाइनल में बुल्गारिया के जे डियाज इबनेज को 4–3 से हराया। दीपक (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के नूरज़िगित दुशेबाएव को 5–0 से हराकर फ्लाईवेट वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। निशांत देव ने क्यूबा के जॉर्ज क्यूलर को 5–0 से हराकर 71 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनायी।

भारत ने एक विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पहली बार तीन पदक जीते हैं। इससे पहले वैश्विक आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 में आया था जब मनीष कौशिक और अमित पंघाल ने देश के लिये पदक जीते थे।

दिन के पहले चर्टरफाइनल में दीपक का दबदबा ऐसा था कि रेफरी को बाउट के बाद के चरणों में दियुशेबाएव को दो स्टैंडिंग काउंट देने पड़े। दीपक अपनी लंबी कद–काठी का प्रयोग कर साफ और सटीक मुक्के मारने के अवसरों की तलाश में थे।

पहले राउंड के बाद 0–5 से पीछे चल रहे दियुशेबाएव ने दूसरे दौर की आक्रामक शुरुआत की, लेकिन दीपक ने मजबूत बचाव किया और मुक्कों के उत्कृष्ट संयोजन के साथ जवाबी हमला किया।दीपक अंतिम राउंड में अधिक रक्षात्मक दिखे, लेकिन शुरुआती दो चरणों की बढ़त उन्हें जीत दिलाने के लिये काफी थी।इस बीच, हुसामुद्दीन ने बुल्गारिया के जे. डियाज इबनेज को 4–3 के बंटे हुए फैसले से हराकर भारत के लिए एक और पदक पक्का किया। शुरुआत से ही दोनों मुक्केबाजों के बीच कांटे की टक्कर चली। हुसामुद्दीन को रिंग में इबनेज की चाल को भांपने में कुछ समय लगा। इस खब्बू मुक्केबाज ने रक्षण के लिए अपनी रफ्तार का उपयोग किया और जवाबी हमले करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर कुछ भारी वार किये।भारतीय मुक्केबाज के लिए दूसरा राउंड काफी आरामदायक था। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी के हमलों को जल्दी से भांप लिया और बदले में भारी मुक्के मारे। तीसरे राउंड में देखा गया कि दोनों मुक्केबाजों ने सावधानी बरती और काफी आक्रामक हो गए लेकिन हुसामुद्दीन ने जीत हासिल करने के लिए अपने मुक्कों का अच्छी तरह से मिश्रण किया।

मैच के बाद हुसामुद्दीन ने कहा, यह एक कठिन बाउट थी क्योंकि मेरा प्रतिद्वंद्वी वास्तव में अच्छा खेल रहा था। इससे मुझे कुछ परेशानी हुई लेकिन किसी तरह मैं जीत गया और अगले दौर में आगे बढ़ गया। मैंने बाउट से पहले कोच के साथ योजना बनाई थी और मैच में पूरी तरह से उस योजना पर कायम रहा। हमारी योजना थी कि मैं रिंग में आगे बढ़ता रहूंगा और अपने प्रतिद्वंदी को हमला करने के लिए मुझ तक पहुंचने के लिए बाध्य करूं। इस योजना ने पूरी तरह से काम किया। शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच में हुसामुद्दीन का मुकाबला क्यूबा के सैदेल होर्ता से होगा। दूसरी ओर, निशांत देव ने लंबे कद के जॉर्ज के खिलाफ पहले राउंड में बढ़त हासिल करने के लिये अपनी स्फूर्ती और सटीक मुक्कों का इस्तेमाल किया। दूसरा राउंड भी भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में गया क्योंकि उन्होंने जॉर्ज को अंक हासिल करने से रोकते हुए खुद को आगे बनाए रखा।मैच के बाद निशांत ने कहा, एकतरफा फैसले से क्यूबा के मुक्केबाज के खिलाफ मैच जीतने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है। हमारी रणनीति पहले राउंड से प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाने और पूरे बाउट के दौरान मानसिक रूप से मजबूत रहने की थी। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए भी इस सकारात्मक मानसिकता को अपनाऊंगा।

# ब्लू टाइगर्स एएफसी एशियाई कप ड्रॉ के लिए तैयार



नयी दिल्ली ,। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने तकरीबन चार साल पहले थाईलैंड के खिलाफ 4–1 की जीत के साथ अपने एएफसी एशियाई कप अभियान की शुरुआत की थी, लेकिन मेजबान देश यूएई (0–2) और बहरीन (0–1) से लगातार हार के बाद उसे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था।

महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए एक बार फिर चलीफाई करने के बाद भारतीय टीम अब एएफसी एशियाई कप ड्रॉ के लिये तैयार है, जो दोहा में गुरुवार को शाम 4.30 बजे होगा।

ड्रॉ के लिये चौबीस टीमों को चार समूहों में विभाजित किया गया है और एएफसी एशियाई कप 2023 के लिये इन्हें चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा जाएगा।

भारत को ड्रॉ के चौथे समूह में रखा गया है। मेजबान और मौजूदा चैंपियन कतर समूह एक में है। कतर ग्रुप ए में शामिल होने वाली पहली टीम होगी, जबकि अन्य टीमों को ए से एफ ग्रुप में स्वेच्छाधारी रूप से डाला जायेगा।

भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने ड्रॉ से पहले कहा, ड्रॉ से पहले बड़ी उम्मीदें हैं। प्रतियोगिता में अभी भी कुछ समय बाकी है और मैं कहूंगा कि हमें इस बात पर ध्यान देना होगा की इस समय का उपयोग तैयारी के लिए कैसे करें, बजाय इसके की हमारे विरोधी कौन होंगे। मैं वास्तव में हमारी टीम और उनके द्वारा किए गए काम में विश्वास करता हूं और कतर में विशाल भारतीय प्रशंसकों के समर्थन से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

एएफसी एशियाई कप में प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें प्री–चर्टरफाइनल में जगह बनाएंगी, जबकि छह समूहों में तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें नॉकआउट दौर में हिस्सा लेंगी।

एएफसी एशियाई कप 2023 प्रतियोगिता में भारत की पांचवीं उपस्थिति होगी। इससे पहले भारतीय टीम ने 1964, 1984, 2011 और 2019 में महाद्वीपीय स्तर पर भाग लिया था। भारत 1964 संस्करण में उपविजेता भी रहा था।

# दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया



चेम्सफोर्ड ,। चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में आयरलैंड और बंगलादेश के बीच पहला एकदिवसीय मैच बारिश में धुलने के कारण दक्षिण अफ्रीका ने 2023 वनडे विश्व कप के लिये सीधे चलीफाई कर लिया।दक्षिण अफ्रीका इस साल भारत में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे चलीफाई करने वाली आठवीं और आखिरी टीम बन गई। प्रोटियाज ने अपने 21 सुपर लीग मैच 98 अंकों के साथ समाप्त किये थे।

इस मैच से पहले आयरलैंड के 68 अंक थे। अगर आयरलैंड बंगलादेश को 3–0 से क्लीन–स्वीप कर देती, तो उसे 30 अंक प्राप्त होते और वह 98 अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका की बराबरी कर लेती। अगर आयरलैंड का नेट रन रेट दक्षिण अफ्रीका से अधिक होता तो वह विश्व कप के लिये चलीफाई भी कर सकती थी।

पहले मैच का कोई नतीजा नहीं निकलने के कारण अब आयरलैंड को वेस्ट इंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और नीदरलैंड के साथ पांच सहयोगी टीमों के खिलाफ विश्व कप चलीफायर टूर्नामेंट में हिस्सा लेना होगा। इस टूर्नामेंट की 10 टीमों में से शीर्ष दो विश्व कप में हिस्सा लेंगी।

न्यूजीलैंड 24 मैचों में 175 अंकों के साथ सुपर लीग तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि इंग्लैंड 24 मैचों में 155 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# चेन्नई से हारकर दिल्ली प्लेऑफ की दौड़ से बाहर

चेन्नई ,। चेन्नई सुपर किंग्स ने बल्लेबाजों के संयुक्त प्रयास के बाद स्पिनरों की कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में को दिल्ली कैपिटल्स को 27 रन से हरा दिया।चेपौक स्टेडियम की धीमी पिच पर चेन्नई का कोई बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सका, लेकिन सभी ने छोटे–छोटे योगदान देकर टीम को 167/8 के स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 140 रन ही बना सकी।दिल्ली के लिये राइली रूसो और मनीष पांडे ने 59 रन की साझेदारी की, हालांकि इसके लिये उन्होंने 59 गेंदें भी खेलीं। चेन्नई की ओर से मोईन अली ने चार ओवर में मात्र 16 रन दिये, जबकि रवींद्र जडेजा ने चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट चटकाया। इस स्पिन जोड़ी के आठ ओवरों ने दिल्ली को लक्ष्य तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी।चेन्नई 12 मैचों में 15 अंक अर्जित करके अंक तालिका में दूसरे स्थान पर कायम है, जबकि दिल्ली 11 मैचों में सातवीं हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है।दिल्ली ने टॉस हारकर गेंदबाजी करते हुए सधी हुई शुरुआत की और खलील अहमद ने पहले ओवर में सिर्फ चार रन दिये। रुतुराज गायकवाड़ ने दूसरे ओवर में तीन चौके जड़कर 16 रन बटोरे, हालांकि यह पावरप्ले में दिल्ली का एकमात्र खराब ओवर था।अक्षर ने डेवन कॉनवे (13 गेंद, 10 रन) को छोटे स्कोर पर आउट किया जबकि चेन्नई ने पावरप्ले में 49 रन बनाये। गायकवाड़ चार



चौकों के साथ 24 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन पावरप्ले के फौरन बाद अक्षर ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया।गायकवाड़ का विकेट गिरने से चेन्नई की रनगति को झटका लगा। चेन्नई 10 ओवर पूरे होने तक सिर्फ 66 रन ही बना सकी, जबकि उसने मोईन अली का विकेट भी गंवा दिया।शीर्ष क्रम के ढह जाने के बाद चेन्नई को कुछ बड़े ओवरों की जरूरत थी जो उसे शिवम दूबे ने दिलाये। दूबे ने अक्षर पटेल को छक्का जड़कर अपनी पारी का आगाज किया, जबकि अजिंक्य रहाणे (20 गेंद, 21 रन) का विकेट लेने वाले ललित यादव को दो छक्के जड़ते हुए उनकी लय बिगाड़ दी।मिचेल मार्श ने 15वें ओवर में दूबे (12 गेंद, 25 रन) का विकेट चटकाकर चेन्नई को ज्यादा आगे निकलने की अनुमति नहीं दी। दूबे के साथ 36 रन की साझेदारी करने वाले अंबाती रायडू (17 गेंद, 23 रन) भी कुछ देर बाद पवेलियन लौट गये।एक समय पर चेन्नई का 160 रन तक पहुंचना मुश्किल लग रहा था, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के साथ टीम की सहायता के लिये आगे आये। रायडू का विकेट गिरने के बाद पिच पर उतरे धोनी ने 19वें ओवर में दो छक्के और एक चौका जड़कर चेन्नई को 160 रन के निशान तक पहुंचाया। धोनी ने अपनी छोटी पारी में आठ गेंद पर 20 रन बनाये, जबकि रवींद्र जडेजा ने उनका साथ देते हुए 16 गेंद पर 21 रन की पारी खेली। मार्श ने आखिरी ओवर में धोनी और जडेजा को आउट करते हुए मात्र सात रन देकर पारी का अंत किया।मार्श ने अपने तीन ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट चटकाये, जबकि अक्षर ने चार ओवर में 27 रन देकर दो विकेट लिये। ललित (तीन ओवर, 34 रन) और खलील अहमद (चार ओवर, 32 रन) को एक–एक विकेट हासिल हुआ।चेन्नई को इस छोटे स्कोर का पीछा करने के लिये दमदार शुरुआत की जरूरत थी और उसने पावरप्ले में तीन विकेट चटकाते हुए बिल्कुल ऐसा ही किया। दीपक चाहर ने पहले ही ओवर में कप्तान डेविड वॉर्नर का विकेट चटकाया, जबकि तीसरे ओवर में उन्होंने फिल सॉल्ट (11 गेंद, 17 रन) को चलता किया।

## फिल्मी सफर

# विद्या बालन फिल्म नीयत से 6 साल बाद बड़े पर्दे पर करेंगी वापसी, रिलीज डेट जारी



विद्या बालन उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो मुश्किल से मुश्किल किरदार को बड़ी सहजता से पर्दे पर उतार लेती हैं। उनकी पिछली हर रिलीज में उनके काम की तारीफ हुई है। फिल्म शेरनी हो, शकुंतला देवी हो या जलसा, विद्या ने अपनी दमदार अदाकारी से हर किरदार जीवंत बना दिया। हालांकि. उनकी ये सभी फिल्में ह्य्ञ्ञ्ज पर आईं। अब विद्या फिल्म नीयत के साथ रुपहले पर्दे पर लौटने को तैयार हैं। आइए जानते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी। विद्या ने अपनी इस फिल्म का पोस्टर इंस्टाग्राम पर साझा किया और लिखा, मकसद सामने आ जाएगा। राज चौंका देगा। नीयत 7 जुलाई, 2023 को केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह पोस्ट करने की देर थी कि उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठे। एक ने लिखा, पोस्टर तो लाजवाब है। दूसरे ने लिखा, कब से आपको रुपहले पर्दे पर देखने का इंतजार था। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, बस आप अब ये बताइए कि इसका ट्रेलर कब आएगा? पोस्टर में फिल्म के सभी 10 कलाकारों की तस्वीर दिखाई दे रही हैं। इस फिल्म में विद्या के साथ राम कपूर, राहुल बोस, नीरज काबी, शहाना गोस्वामी, अमृता पुरी, दीपानिता शर्मा, निकी वालिया, शशांक अरोड़ा, प्राजक्ता कोली और दानेश रजवी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में विद्या जासूस बनी हैं। इस फिल्म की शूटिंग पिछले साल ब्रिटेन में शुरू हुई थी। फिल्म की निर्देशक अनु मेनन हैं, जिन्होंने विद्या की फिल्म शकुंतला देवी का निर्देशन किया था। विद्या को आखिरी बार बड़े पर्दे पर नवंबर, 2017 में रिलीज हुई फिल्म तुम्हारी सुलु में देखा गया था। टी–सीरीज और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में विद्या ने एक मध्यमवर्गीय परिवार में रहने वाली गृहिणी सुलोचना यानी सुलु का किरदार निभाया था, जिसे रेडियो शो सुनना पसंद है। इस फिल्म में विद्या ने एक बार फिर यह साबित कर दिया था कि वह अपने अभिनय के दम पर फिल्म चलाने का माद्दा रखती हैं। विद्या ने धारावाहिक हम पांच से करियर शुरू किया था।

## दुनियाभर में बजा पोन्नियिन सेल्वन 2 का डंका, वर्ल्डवाइड पार किया 300 करोड़ का जादुई आंकड़ा



पोन्नियिन सेल्वन 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. अपनी रिलीज के बाद से फिल्म ने अब तक 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है. इस बात की जानकारी प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने अपने ट्विटर के माध्यम से दी है. लाइका प्रोडक्शंस ने 8 मई को अपने एक ट्वीट में कुछ पोस्टर्स शेयर करते हुए लिखा, प्तपीएस 2 ने 300 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी हासिल करना जारी रखा है.28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई. इस मामले में फिल्म ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी जान को भी मात दे दी है. निर्माता मणिरत्नाम और ऐश्वर्या राय बच्चन स्टारर फिल्म पीएस–2 साल 2022 में आई पोन्नियिन सेलवन की ही सीक्वल है. पोन्नियिन सेलवन लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेल्वन का ही सिनेमाई रूपांतरण है. पोन्नियिन सेल्वन 2 में ऐश्वर्या राय, विक्रम, त्रिशा कृष्णन, कार्तिक और जयम रवि अहम किरदार में हैं. फैंस ने ऐश्वर्या के काम को खूब सराहा है और विक्रम के साथ उनकी केमिस्ट्री को भी काफी पसंद किया है. फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म में ऐश्वर्या राय ने डबल रोल निभाया है. पीएस 2 को तमिल, हिंदी और तेलुगु में डब करके रिलीज किया गया था. सीक्वल होने के बावजूद फिल्म ने अपने पहले भाग से कई गुना बेहतर प्रदर्शन किया है. पहले भाग ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था.

# द केरला स्टोरी ने पास किया लिटमस टेस्ट, 50 करोड़ के करीब पहुँची

निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की सुदीप्तो सेन निर्देशित फिल्म द केरला स्टोरी ने अभिनेत्री अदा शर्मा को हिन्दी सिनेमा के दर्शकों से बेहतरीन तरीके से रू–ब–रू कराने में सफलता प्राप्त कर ली है। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी 1920 से अपना करियर शुरू करने वाली अदा शर्मा विपुल अमृतलाल शाह की कमांडो सीरीज में लगातार दिखाई देती रही हैं। द केरला स्टोरी उनकी पहली बहुप्रचारित और बहु सफल फिल्म साबित हुई है। पिछले चार दिन से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करने में लगी है।

द केरल स्टोरी रिलीज के बाद से ही बहस का मुद्दा बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर राजनितिक पार्टी पर भी जमकर बयानबाजी कर रही हैं। मध्यप्रदेश के बाद अब उत्तरप्रदेश सरकार ने भी इस फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि अब




इसके कारोबारी आंकड़ों में उछाल देखने को मिलेगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वे अपनी कैबिनेट के साथ इस फिल्म को देखेंगे। जब से यह समाचार सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, तभी दर्शकों में केरला स्टोरी के प्रति उन्माद नजर आने लगा है। सिनेमाघरों के बाहर भीड़ बढने लगी है।

अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी रिलीज से पहले विवादों में आ गई थी। फिल्म में केरल के एक ऐसे मुद्दे को उठाया गया है, जिसको लेकर राजनिति शुरू हो गई है। इस विवाद से फिल्म को नुकसान की जगह फायदा होते दिख रहा है। फिल्म द केरल स्टोरी को रिलीज हुए चार दिन पूर हो गए है।

# कैनेडी से अनुराग कश्यप ने साझा कीं सनी लियोनी और राहुल भट्ट की नई तस्वीरें

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और मॉडल सनी लियोनी मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म कैनेडी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अनुराग कश्यप के निर्देशन में तैयार हुई फिल्म कैनेडी में सनी के अलावा राहुल भट्ट और अभिलाष थपलियाल भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस बीच अनुराग ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कैनेडी से राहुल और सनी की ताजा तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें दोनों कलाकार बेहद अलग अवतार में नजर आ रहे हैं।अनुराग ने तस्वीरें साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 2 सप्ताह और। कैनेडी का कान्स के लिए काउंटडाउन शुरू हो गया है। गौरतलब है कि कैनेडी कान्स फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन की जाएगी। यह इकलौती ऐसी



हिंदी फिल्म है, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। फिल्म की कहानी एक अनिद्रा पीड़ित पुलिसकर्मी के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसे लंबे समय से मरा हुआ समझा गया है, लेकिन वो अभी भी भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ काम कर रहा है। कान फिल्म फेस्टिवल 2023 की वॉल पर फिल्म की नई झलकियां सामने आई हैं, जहां राहुल भट और सनी लियोन के नए लुक को फिल्म में आगे देखने के लिए सस्पेंस के बारे में बहुत कुछ बोलते हुए देखा जा सकता है। अपने लंबे बालों और दाढ़ी के साथ राहुल भट बिल्कुल घातक लग रहे हैं। कैनेडी राहुल भट और सनी लियोन अभिनीत और अनुराग कश्यप द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और गुड बैड फिल्म्स के रंजन सिंह और कबीर आहूजा ने किया है।

# पलक तिवारी ने जगह–जगह से कटी ड्रेस पहनकर कराया हुस्न का दीदार



बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो इंटरनेट पर आग लगा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों में उन्होंने अपने हुस्न का दीदार कराया है। इन फोटोज में पलक तिवारी की हॉटनेस देख फैंस के दिलों की धडक़नें तेज हो गई हैं। किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी आए दिन अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती रहती हैं। एक्ट्रेस हर बार स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर ग्लैमर का तडक़ा लगा देती हैं। हाल ही में पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन फोटोज में एक्ट्रेस का सेक्सी अंदाज देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट लुक में येलो कलर की मिनी स्कर्ट पहनी हुई है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com